गुरु अमरदास रचनावली

रतन सिंह जग्गी

पब्लिकेशन ब्यूरो
पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला

गुरु अमरदास रचनावली

संपादक
प्रोफेसर रत्न सिंह जग्गी

पब्लिकेशन ब्यूरो
पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला
1982

GURU AMARDAS RACHNAVALI (Hindi)

edited by

DR RATTAN SINGH JAGGI
Professor & Head, Department of Punjabi Literary Studies,
Punjabi University, Patiala

मूल्य : 32/-
प्रथम संस्करण 1100

सरदार गुरबचन सिंह एम.एस-सी , रजिस्ट्रार, पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला :
प्रकाशित की तथा फुलकियाँ प्रेस पटियाला के द्वारा मुद्रित हुई ।

प्राक्कथन

गुरु अमरदास जी मध्य-युग के एक महत्त्वपूर्ण धर्म-साधक, भक्त और समाज-सुधारक थे। लगभग ७२ वर्ष की वृद्धावस्था में, जब आमतौर पर मनुष्य अपनी सुध-बुध खो बैठता है, गुरु अमरदास जी ने सच्ची आध्यात्मिक जिज्ञासा की संतुष्टि के लिए अपने कदम आगे बढ़ाए और इतनी दृढ़ता से बढ़ाए कि आयु की सीमाएँ उन्हें रोक न सकीं। उन्हों ने साधना के जो डग भरे, उन से सिख-भक्ति-आंदोलन को ऐसा व्यवस्थित रूप प्राप्त हुआ, जिस से इस धर्म-साधना के विकास की सम्भावनाएँ बढ़ने लगीं। गुरु जी ने अपनी वाणी के द्वारा मनुष्य को अपना आध्यात्मिक भविष्य उज्ज्वल करने की प्रेरणा दी।

सन् १९७९ गुरु अमरदास जी की पंचम शताब्दी का वर्ष था। इस शुभ अवसर पर पंजाबी यूनिवर्सिटी ने गुरु जी की जीवनी, व्यक्तित्व एवं चिंतन से सम्बन्धित अलग-अलग पक्षों पर १० पुस्तकें प्रकाशित करने की योजना बनाई थी, जिन में प्रस्तुत पुस्तक भी शामिल थी। इस पुस्तक में गुरु अमरदास जी की सम्पूर्ण वाणी को देवनागरी में लिप्यंतरित किया गया है और पद-टिप्पणियों में आवश्यक शब्दों के अर्थ और भाव भी स्पष्ट करने का यत्न किया गया है। यह कार्य इस यूनिवर्सिटी के डॉ. रत्न सिंह जग्गी, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, पंजाबी साहित्य अध्ययन विभाग को सौंपा गया था, जिन्होंने बड़ी लगन और परिश्रम से यह संस्करण तैयार किया है और प्रारम्भ में एक विस्तृत भूमिका लिखकर बड़ी गम्भीरता एवं विद्वत्ता से गुरु अमरदास जी के व्यक्तित्व, धार्मिक विचारधारा और वाणी की साहित्यिकता पर प्रकाश डाला है।

मुझे विश्वास है कि इस पुस्तक के प्रकाशन से पंजाब के भक्ति-आंदोलन की विशिष्टता और गुरु अमरदास जी सम्बन्धी अध्ययन का विस्तार होगा।

पंजाबी यूनिवर्सिटी
पटियाला

भगत सिंह
उप-कुलपति

निवेदन

सन् १९७९ का वर्ष एक विशेष ऐतिहासिक महत्त्व रखता है, क्योंकि इस वर्ष में पंजाब के भक्ति आंदोलन के तीसरे उत्तराधिकारी श्री गुरु अमरदास की पंचम जन्म-शताब्दी मनाई जा रही है। मध्य युगीन धर्म-साधकों में सिख गुरुओं और उनकी अमृत-वाणी का विशिष्ट एवं उल्लेखनीय स्थान एवं योगदान है। तत्कालीन ऐतिहासिक परिस्थितियों ने जो विकट रूप धारण कर लिया था, उसे छिन्न-भिन्न कर भारतीय संस्कृति और धार्मिक सम्पदा को काल-कवलित होने से बचाने के लिए एक ज्योति में समाहित दस युग-पुरुषों की जिस परंपरा का विकास पंजाब की वीर-भूमि में दो शताब्दियों तक निरन्तर चलता रहा, वह वस्तुतः भारत की ही नहीं, विश्व के धर्म-इतिहास में भी एक पूर्णतया अनूठी एवं अद्वितीय घटना थी।

गुरु अमरदास ने अपनी धर्म-साधना के द्वारा प्राप्त हुई ब्रह्म-कांति से समस्त वातावरण को ज्योतिर्मय कर दिया। साम्प्रदायिक संकीर्णता से असंपृक्त वे वस्तुतः एक महान् सहज साधक थे। उनकी साधना कर्मकांडों से मुक्त, पूजा-विधियों से रहित, तर्क-वितर्क की शुष्कता से दूर और चित्तवृत्ति के निरोध से स्वतन्त्र एक ऐसी जीवन-विधि थी जिस को वर्ग, जाति, सम्प्रदाय, धर्म, देश एवं राष्ट्र की कृत्रिम सीमाएँ अपने बन्धन में बाँध न सकीं। उनकी साधना परम्परागत एवं रूढ़ धार्मिक अनुष्ठानों को त्याग कर सामान्य जन-जीवन में आ बिराजी थी। ब्रहम ज्ञान की अनिर्वचनीय अनुभूतियों के समय भी उन्होंने धरती के प्राणियों से अपना नाता तोड़ा नहीं था, क्योंकि प्राणी मात्र का हित-चिंतन सदैव उनके मन में बना रहा। उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। उन्होंने जो उपदेश दिया, पहले उस के अनुरूप अपने जीवन को ढाला और जब उस उपदेश की उपयोगिता प्रमाणित हो गई, तो उस को व्यवहार में लाने के लिए जिज्ञासुओं को प्रेरित किया।

गुरु साहिब को किसी प्रकार के सामाजिक अनाचार पसंद नहीं

थे। सती सदृश अमानवीय प्रथा को समाप्त करने का उद्यम इस बात का साक्ष्य है। सेवा उन के जीवन-दर्शन का आधार-तत्त्व था, जिसे वे प्रत्येक कठिनाई एवं असुविधा में और वृद्ध आयु में भी निभाते रहे, अपमानित हुए, परन्तु अपने कर्त्तव्य से न हटे। सामान्य मनुष्य ७०/७२ वर्ष की आयु में अपनी चेतना खो बैठता है, परन्तु गुरु अमरदास ने उस अवस्था में अपनी सच्ची आध्यात्मिक जिज्ञासा की तृप्ति के लिए ब्रह्म-ज्ञान के प्राप्ति-मार्ग पर कदम रखे और वे भी इतनी दृढ़ता के साथ कि वृद्ध आयु की दुर्बलताएँ उन्हें किसी प्रकार भी विचलित न कर पाईं। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम चरण में वह कुछ कर दिखाया जो सम्भवतः युवावस्था में कर सकना सरल प्रतीत नहीं होता। उन्होंने साधना के जो डग भरे, उनसे शतियों का अन्तर समाप्त हो गया। उन्होंने सिख-धर्म आंदोलन को ऐसा सुव्यवस्थित रूप प्रदान किया कि तत्पश्चात् इस संगठन में किसी प्रकार के विकार के उत्पन्न हो सकने की सम्भावनाएं ख़त्म हो गईं। उन्होंने अपनी वाणी के द्वारा जो सन्देश दिया, उससे समूची मानवता, पद-दलित एवं दुःखित जनता को सान्त्वना प्रदान की, मायायुक्त संसार में मायामुक्त होकर विचरण करने की प्रेरणा दी, भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए उत्साहित किया और लोक से परलोक गमन का मार्ग-प्रशस्त किया।

भारत और विशेषतः पंजाब की अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की ओर से गुरु जी की इस शताब्दी को सुचारु रूप से मनाने के लिए अपनी अपनी योजनाएँ बनाई गईं। पंजाबी विश्व-विद्यालय ने इस अवसर पर चार शोध-पत्रिकाओं के विशेषांकों के अतिरिक्त छः अन्य पुस्तकें प्रकाशित करने की भी व्यवस्था की। उन्हीं में से प्रस्तुत प्रकाशन एक है। इस संकलन में गुरु अमरदास की सम्पूर्ण वाणी का आदिग्रन्थीय राग-क्रम अनुसार लिप्यंतरण एवं सम्पादन किया गया है और कठिन शब्दों के अर्थ पद-टिप्पणियों के रूप में दे दिए गए हैं। प्रारम्भ में एक विस्तृत भूमिका जुटाई गई है जिसमें गुरु अमरदास की जीवनी, व्यक्तित्व, कृतित्व, आध्यात्मिक विचारधारा, साधना का स्वरूप और साहित्यिकता का विश्लेशण किया गया है।

हमें विश्वास है कि पंजाब के भक्ति आंदोलन तथा गुरु अमरदास की वाणी में रुचि रखने वाले हिन्दी पाठक हमारे इस प्रयास से अवश्य लाभान्वित होंगे।

पंजाबी साहित्य अध्ययन विभाग
पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला

रत्न सिंह जग्गी

विषय सूची

भूमिका

सेवा-पुंज और मानव-कल्याण में सदा ही दत्त-चित्त रहने वाले श्री गुरु अमरदास सिखों के तीसरे गुरु थे जिन की आयु सभी गुरुओं से अधिक दीर्घ थी। पहले, दूसरे, चौथे और पाँचवें गुरुओं के वे किसी-न-किसी रूप में समकालीन रहे थे। आयु में वे गुरु नानक से केवल दस वर्ष छोटे और गुरु अंगद से २५ वर्ष बड़े थे। अपनी अद्वितीय सेवा-साधना और अनन्य भक्ति के फलस्वरूप उन्हें गुरु नानक देव की गद्दी के तीसरे उत्तराधिकारी होने का गौरव प्राप्त हुआ।

जीवनी

जन्म-तिथि : गुरु अमरदास की जन्मतिथि के सम्बंध में प्राचीन और आधुनिक सभी विद्वानों में मतैक्य नहीं है। महानकोशकार ने उनकी जन्मतिथि ५ मई १४७९ (वैशाख सुदि १४ संवत् १५३६) मानी है[1], परन्तु शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पूरी छान-बीन करवा कर गुरु जी की पंचम शताब्दी ११ मई १९७९ को मनाने का आदेश जारी कर, इसी तिथि को उनकी प्रामाणिक जन्मतिथि घोषित किया गया है।

कुल-परम्परा : गुरु अमरदास का जन्म क्षत्रियों की भल्ला कुल में हुआ था। उनके दादा का नाम श्री हरि जी और पिता का नाम श्री तेजभान था। परन्तु गुरु जी की माता के नाम के सम्बंध में विद्वानों के भिन्न-भिन्न मत प्रचलित है, किसी ने रूप कौर, किसी ने बखत कौर और किसी ने लखी बताया है। इनमें से लखी के सम्बंध में अधिक और प्राचीन साक्ष्य उपलब्ध हैं[2]। अतः यह नाम सही प्रतीत होता है। श्री तेजभान भक्ति-भाव वाले बड़े शालीन और कर्मठ व्यक्ति थे। अनाज के व्यापार के अतिरिक्त वे खेती भी करते थे। उनके चार पुत्रों (अमरदास, ईशरदास, खेमराय और माणकचंद) में से (गुरु)

---

1. काह्न सिंह : भाई 'महान कोश', पृष्ठ ५६
2. 'भले कुल तेजो पिता माता लखो मात'—('महिमा प्रकाश')
   'माता लखो दे चानण पखी
   जनमें स्री अमरदास पूरन प्रतख'—('बंसावलीनामा दसां पातिशाहीआं का')

अमरदास सब से बड़े थे। व्यापार और खेती ये दोनों गुरु जी के कुल-परम्परागत व्यवसाय थे और भक्ति-भावना और कर्मनिष्ठा उन्हें बपौती के रूप में प्राप्त हुई थी।

जन्म-स्थान : गुरु अमरदास का जन्म बासर-के नामक गाँव में हुआ था जो छिहरटा (अमृतसर) रेलवे स्टेशन से लगभग पाँच किलो मीटर दक्षिण-पश्चिम की ओर था।[1] अब वह कालकवलित हो चुका है और उस स्थान पर केवल मिट्टी का एक टीला-सा शेष है। इस टीले से लगभग पौन किलो मीटर की दूरी पर स्थित बासर-की-गिलां बाद में, बसा गाँव है और उसका गुरु जी के जन्म-स्थान से कोई सम्बंध नहीं है। इस टीले से लगभग दो सौ मीटर के अंतर पर 'सन्ह साहिब' नामक एक गुरु-धाम है जिसका सम्बंध गुरु अमरदास के जीवन की किसी महत्त्वपूर्ण घटना से है।

पारिवारिक जीवन : गुरु अमरदास का विवाह २३ वर्ष की आयु में सन् १५०२ ई० (११ माघ संवत् १५५९) में हुआ था। उनकी सुपत्नी के नाम के सम्बंध में भी तीन मत प्रचलित हैं, यथा मनसा देवी, माली और रामो। रामो (राम कौर) के नाम की पुष्टि अधिकतर प्राचीन ग्रंथों से हो जाती है, इसलिए इसी को ठीक मान लेना उचित है। रामो स्यालकोट ज़िला के संखतरा नामक गाँव के श्री देवी चंद बहल की सुपुत्री थी। कुशल गृहस्वामिनी होने के साथ-साथ रामकौर एक निष्ठावान् पत्नी भी थी और अपने पति ही भक्ति-भावना को अधिक विकसित करने में अपना यथायोग सहयोग देती थी।

गुरु अमरदास की संतान के सम्बंध में भी विभिन्न निष्कर्ष निकालने वाले साक्ष्य उपलब्ध हैं। उन सभी का तार्किक विश्लेषण करने के पश्चात् गुरु जी के दो पुत्र—मोहन और मोहरी—और दो पुत्रियाँ—दानी और भानी—सिद्ध होती हैं। बीबी भानी का विवाह कालांतर में श्री जेठा जी के साथ सम्पन्न हुआ जिन्हें गुरु अमरदास के पश्चात् सिखों के चौथे गुरु होने का गौरव प्राप्त हुआ।

गुरु अमरदास का जीवन एक आध्यात्मिक जिज्ञासु का जीवन था। वे अपने व्यापारिक कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी हरि-भक्ति के लिए अवश्य समय निकाल लेते थे। वे प्रारंभ में वैष्णव भक्त थे। उनकी इसी प्रवृत्ति के फलस्वरूप सामान्यत: वे लोगों में भक्त अमरदास के नाम से प्रसिद्ध थे। युगीन प्रवृत्ति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठानों में तीर्थयात्रा का विशेष महत्त्व था। अपने आध्यात्मिक भविष्य को सुधारने और लौकिक यात्रा को भली-भाँति

1. कान्ह सिंह भाई : 'महान कोश', पृ० ६३४

सम्पन्न करने के लिए गुरु जी ने तीर्थ-यात्रा के लिए मन बनाया और सर्व-प्रथम हरिद्वार की यात्रा ४२ वर्ष की आयु में सन् १५२१ में सम्पन्न की। तत्पश्चात् उन्होंने तीर्थ-यात्रा को एक वार्षिक लक्ष्य बना लिया और यह क्रम २० वर्ष तक निरन्तर चलता रहा। वैष्णवी मान्यताओं को त्याग कर निराकार के उपासक बनने और गुरु-गद्दी पर आसीन होने के पश्चात् भी गुरु जी ने तीर्थ-यात्राएं की, परन्तु पूर्ववर्ती यात्राओं और इन यात्राओं में आधार-भूत अंतर है। पूर्ववर्ती कर्मकांडीय पद्धति से अनुप्राणित वैधी भक्ति परम्परा से सम्बद्ध थीं, जबकि परवर्ती यात्राएँ नानकत्व की सभी विशिष्टताओं से पोषित निराकार की उपासना और परा-भक्ति अथवा प्रेमा-भक्ति के प्रचार एवं प्रसार के लिए थीं। इनका उद्देश्य कर्मकांड-ग्रस्त मानवता को वास्तविक धर्म-बोध करा कर आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग-प्रशस्त करना था। इसके अतिरिक्त गुरु जी ने अड़सठ तीर्थों के स्थान पर गुरु-शब्द का मनन करने को ही सच्चा तीर्थ बतलाते हुए जिज्ञासु को नामाराधना की ओर प्रेरित किया—

सचा तीरथु जितु सतसरि नावणु गुरमुखि आपि बुझाए।
अठसठि तीरथ गुर सबदि दिखाए तितु नातै मलु जाए[1]।

गुरु धारण करना : अपनी अंतिम तीर्थ-यात्रा के समय जब श्री गुरु अमरदास हरिद्वार से पंजाब लौट रहे थे तो मार्ग में मिहड़ा ग्राम के एक दुरगो अथवा दुर्गादास नाम के पंडित के बाग़ में कुछ समय के लिए रुके। वहाँ पंडित ने आपके चरणों में पद्म-चिह्न देख कर ज्योतिष के बल पर गुरु जी के अद्वितीय भविष्य का अनुमान लगाया। वहीं गुरु जी की भेंट एक ब्रह्मचारी साधु से हुई। विचारगत साम्य के फलस्वरूप दोनों एक दूसरे के अधिक निकट हो गए। जब गुरु जी अपने गाँव बासर-के लौटने लगे तो वह साधु भी उनके साथ हो लिया। आध्यात्मिक विचारों के आदान-प्रदान के समय जब उस साधु को ज्ञान हुआ कि (गुरु) अमरदास ने अभी तक कोई गुरु धारण नहीं किया, तो निगुरे के संपर्क में रहने के कारण उस ने अपने मन में बहुत पश्चात्ताप किया और अपनी साधना को निश्फल समझा। इस घटना ने गुरु जी के मन को झकझोर दिया। तीर्थ-यात्रा उनको व्यर्थ प्रतीत होने लगी और गुरु की प्राप्ति के लिए उनका मन लालायित हो उठा। दूसरे दिन जब प्रात:काल वे उठे तो उन के श्रवणों में मधुरकंठ से पढ़ी जा रही निम्नांकित अमृतवाणी का स्वर गूँजा, यथा—

करणी कागदु मनु मसवाणी बुरा भला दुइ लेख पए।
जिउ जिउ किरतु चलाए तिउ चलीऐ तउ गुण नाही अंतु हरे। १।

1. आदि ग्रंथ, पृष्ट ७५३ (रागु सूही म० ३)

चित चेतसि की नही बावरिआ ।
हरि बिसरत तेरे गुण गलिआ । १ । रहाउ ।
जाली रैनि जालु दिनु हूआ जेती घड़ी फाही तेती ।
रसि रसि चोग चुगहि नित फासहि छूटसि मूड़े कवन गुणी । २ ।
काइआ आरणु मनु विचि लोहा पंचु अगनि तितु लागि रही ।
कोइले पाप पड़े तिसु ऊपरि मनि जलिआ संन्ही चिंत भई । ३ ।
भइआ मनूरु कंचनु फिरि होवै जे गुरु मिलै तिनेहा ।
एकु नामु अंमृत ओहु देवै तउ नानक त्रिसटसि देहा[1] । ४ ।

इस पद्य की भाव-विभूति से प्रभावित (गुरु) अमरदास के पूछने पर ज्ञात हुआ कि यह मधुर आलाप उनके भाई की बहु और दूसरे सिख गुरु श्री अंगद देव की सुपुत्री बीबी अमरो का है। इस पद्य के रचयिता (गुरु नानक) के सम्बंध में जानने और उनकी गुरु-गद्दी पर प्रतिष्ठित गुरु अंगद देव के पास जाकर शिष्यत्व का गौरव प्राप्त करने की अभिलाषा से (गुरु) अमरदास बीबी अमरो को साथ लेकर खडूर साहिब पहुँचे, जहाँ गुरु अंगद का निवास था। समधी की सारी औपचारिकता का त्याग करते हुए ७१ वर्ष के वृद्ध (गुरु) अमरदास ने अपने से आयु में २५ वर्ष छोटे, गुरु अंगद के श्री-चरणों पर शीश रखते हुए आत्म-समर्पण कर दिया, घर-बार की सुध-बुध भूल गए, पिपासे चातक को स्वाति-बूँद प्राप्त हो गई, वे गुरु अंगददेव के ही हो गए। अपने गुरु की सेवा ही उनका परमपुरुषार्थ बन गया। रात-दिन वे लंगर की सेवा में लीन रहते। प्रात:काल उठकर अपने इष्ट-गुरु को स्नान कराने के लिए वे नौ किलोमीटर दूरस्थ ब्यास नदी से जल की गागर भर कर लाते। वर्षा हो अथवा झंझावात, जल की गागर भरने जाना (गुरु) अमरदास का नित्य-नियम था और इस नियम को निभाने में शत-प्रतिशत सफल रहे। इस सम्बंध में एक किवदंत्ती सुप्रसिद्ध है। एक बार शीतकाल की अंधकारपूर्ण रात्रि में जल की गागर उठाए जब खडूर साहिब ग्राम में प्रवेश करने लगे तो किसी जुलाहे की खड्डी के खूँटे से ठोकर खाकर गिर पड़े। उनके गिरने की आवाज़ को सुन कर जुलाहिन ने अंदर से ही प्रभात-बेला में सेवा करने वाले निष्काम साधक को व्यंग्यात्मक स्वर में 'अमरु निथावा' कह दिया। इस घटना का बोध होने पर गुरु अंगद ने दूसरे दिन संगत (जिज्ञासुओं की सभा) में (गुरु) अमरदास को बारह वरदान दिए, यथा-स्थानहीनों का स्थान, मानहीनों का मान, त्राणहीनों का त्राण, शरणहीनों की शरण, आश्रयहीनों का आश्रय, पक्षहीनों का

1. आदि ग्रंथ, पृ० ९९० (रागु मारू म० १)

पक्ष, धैर्यहीनों का धैर्य, पीरों के पीर, दयालगई बहोड़, जगत बंदीछोड़, भंनण घड़न समर्थ, सब जीविका जिस के हथ ।[1] वस्तुत: ये वरदान नहीं थे, अपितु भावी गुरु होने की ओर संकेत था ।

(गुरु) अमरदास की मान-प्रतिष्ठा को देख कर गुरु अंगद देव के पुत्रों के मन में गुरु-गद्दी से वंचित होने की संभावना बढ़ने लगी । फलस्वरूप वे (गुरु) अमरदास के प्रति वैरभाव को विकसित करने लगे । इसी समय गुरु अंगद देव ने (गुरु) अमरदास को गोंदा नाम के जागीरदार के साथ ब्यास नदी के किनारे नया गाँव बसाने के लिए आदेश दिया और इस आदेश का पालन आप ने सुचारु रूप से करके गोयंदवाल गाँव का शिलान्यास किया ।

गुरु-पद-प्राप्ति : लगभग ग्यारह वर्ष की निष्काम साधना, अनन्य सेवा और आध्यात्मिक परिपक्वता के परिणाम स्वरूप गुरु अंगद देव ने २९ मार्च १५५२ (चेत सुदि चार संवत् १६०९) को गुरुपद का समस्त अधिकार (गुरु) अमरदास को प्रदान कर गुरु नानक देव से प्राप्त ब्रह्म-ज्योति को आगे शरीरांतरित कर दिया और अपनी जागतिक यात्रा को सम्पन्न किया । गुरु अंगद देव के पुत्र—दातू और दासू—वास्तविक साधना के अभाव में गुरु-गद्दी से वंचित होने के कारण गुरु अमरदास से दुर्व्यहार करने लगे । फलत: शांत, धीर-गंभीर गुरु अमरदास ने खडूर से गोयंदवाल प्रव्रजन किया । कालांतर में दातू अपने भाड़े के दलबल सहित गोंयदवाल आया और सभा में बैठे वृद्ध गुरु अमर दास को पद-प्रहार से गिरा दिया । दातू की कुटिल भावना को देख कर बिना किसी को बताए गुरु जी गोंयदवाल से अपने गाँव बासर-के चल दिए और वहाँ एक कक्ष में अपने आप को बंद कर भक्ति में लीन रहने लगे । बाबा बुड्ढा के नेतृत्व में जिज्ञासु गुरु जी को ढूँढते हुए उस कक्ष के सामने पहुँचे । कक्ष के द्वार को न खोलने सम्बन्धी गुरु-आदेश को जानकर सिखों ने कक्ष की पूर्व-दिशा वाली दीवार में बड़ा सा सूराख कर उसमें प्रवेश किया और गुरु जी से गोंयदवाल वापिस चलने की प्रार्थना की, जिसको दयालु गुरु जी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया ।

विशेष कार्य : गोंयदवाल लौटने पर गुरु जी ने सिख-संस्था के विकास की ओर ध्यान दिया । गुरु नानक देव ने अपनी आध्यात्मिक यात्राओं के समय अपनी विचार-विभूति का दूर-दूर तक प्रसारण किया और असंख्य जिज्ञासुओं को अपना मतानुयायी बनाया । गुरु अंगद के समय अनुयायियों की संख्या में और वृद्धि हुई । सिख-साधकों का सिखी के मूल-केन्द्र और प्रेरणा-स्रोत

1. बलबीर सिंह दिल (डा०) : 'अमरकवि गुरु अमरदास', पृ० ३९

गुरु से अविरल सम्बन्ध बनाए रखने तथा सिखों द्वारा धार्मिक कार्यों के लिए भेंट रूप में दिए जाने वाले धन-धान्य को गोयंदवाल पहुँचाने की व्यवस्था करने के लिए गुरु अमरदास ने सिखी के समस्त प्रचार-क्षेत्र को सुविधा के लिए २२ केन्द्रों में विभक्त कर दिया और उनका कार्यभार चलाने के लिए वहाँ अपने विश्वस्त एवं सिद्धहस्त साधकों को नियुक्त किया। इसके साथ ही उन को संगत (सभा) में मंजी (चारपाई) पर बैठने का गौरव प्रदान किया। मंजियों के प्रयोग के फलस्वरूप ही इन केन्द्रों को मंजियों का अभिधान दिया जाने लगा। भाई काह्न सिंह के अनुसार इन मंजी-अधीशों के नाम इस प्रकार है—

१) अल्लायार, २) सचनिसचु, ३) साधारण, ४) सावणमल्ल, ५) सुखण ६) हुंदाल, ७) केदारी, ८) खेडा, ९) गंगूशाह, १०) दरबारी, ११) पारो, १२) फेरा, १३) बूआ, १४) बेणी, १५) महेसा, १६) माईदास, १७) माणकचंद, १८) मुरारी, १९) राजाराम, २०) रंगशाह, २१) रंगदास और २२) लाली।[1]

इस सूची से एक बात स्पष्ट होती है कि गुरु जी ने मंजी-अधीशों की नियुक्ति के समय धर्म तथा जाति भेद-भाव को किसी प्रकार का कोई महत्त्व नहीं दिया। आधुनिक विद्वानों के मतानुसार गुरु जी ने प्रचार-कार्य के लिए तपस्विनी स्त्रियों की नियुक्ति भी की और उन को मंजियों के समानांतर पीढ़ों पर बैठने का आदेश दिया।

उक्त मंजी-अधीशों द्वारा किए जाने वाले क्षेत्रीय समागमों के अतिरिक्त गुरु जी ने प्रत्येक वर्ष वैशाखी पर गोयंदवाल में महासमागम करने की व्यवस्था भी की और इस प्रकार का प्रथम समागम सन् १५६७ (१६२४ वि०) की वैशाखी को किया गया। गुरु जी ने, जैसा कि पीछे बताया जा चुका है, नव धर्म एवं नव-विचारधारा के प्रचार एवं प्रसार के लिए तीर्थ-यात्राएँ भी की जिनका उद्देश्य पूर्व-कालीन तीर्थ-यात्राओं से भावना की दृष्टि से सर्वथा भिन्न था। इनमें कुरुक्षेत्र, यमुना और गंगा की यात्राएँ विशेष उल्लेखनीय हैं। गुरमति के इस प्रचारयान तथा वार्षिक समागमों के विस्तृत प्रभाव के फलस्वरूप अन्य मतावलंबी धर्म-प्रचारक अपने गौरव को क्षति पहुँचने के भय से त्रस्त

---

1. 'महान-कोश' पृ० ६३४। स्मरण रहे कि प्राचीन ग्रंथों में मंजी-अधीशों के नामों की सूची में अंतर हैं। हाँ, इनमें से तेरह नाम (सचनिसचु, साधारण, सावणमल्ल, हुंदाल, खेडा, पारो, फेरा, महेसा, माईदास, माणकचंद, मुरारी, रंगदास, लालो) सभी सूचियों में एक-समान हैं।

होने लगे और तत्कालीन मुगल-सम्राट अकबर के पास गुरु जी की धर्म-निर्पेक्ष धर्म-साधना के विरुद्ध शिकायत की। सम्राट् अकबर के द्वारा गुरु जी को लाहौर बुलाए जाने पर जेठा जी (बाद में चौथे गुरु रामदास) को भेजा गया। जेठा जी ने बड़ी निष्ठा और अलौकिक सूझ से अकबर के पास गुरु-पक्ष की स्थिति स्पष्ट की। इससे सम्राट् बहुत प्रभावित हुआ। कालांतर में, सिख साम्प्रदायिक इतिहासकारों के अनुसार अकबर गुरु जी के दर्शन करने के लिए गोंयदवाल आया, संगत के साथ पंगत में बैठ कर लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। गुरु के लंगर के लिए बादशाह ने कुछ जागीर भी देनी चाही, परन्तु गुरु जी के द्वारा उसे अस्वीकार किए जाने पर जेठा जी अथवा गुरु-पुत्री के नाम उसका पट्टा लिख दिया गया।

तीर्थ-यात्रा की लकीर की फ़कीरी को खत्म करने और अपने अनुयायिओं की भावना को विकेंद्रित होने से बचाने के लिए गुरु जी ने गोयंदवाल में एक बावली का निर्माण कराने की योजना बनायी। सन् १५५९ ई० (सन् १६१६ वि०) में इस के निर्माण-कार्य का प्रारंभ कर छः वर्षों के पश्चात् पूर्ण किया गया और तीर्थ-स्थानों पर योनियों की निवृत्ति के लोक-विश्वास को भ्रम की सीमा से निकालने के लिए गुरु जी ने इस बावली में ८४ सीढ़िआं भी बनवाईं। फलस्वरूप पंजाब निवासियों के मन मे अन्य किसी तीर्थ-यात्रा की इच्छा शेष न रही। उनके लिए सभी तीर्थों की यात्रा बावली में स्नान करने से ही सम्पन्न होने लगी। अमृतसर के सरोवर के निर्माण से पूर्व सिखों में बावली का स्नान विशेष आकर्षण और महत्त्व रखता था। डा. बलबीर सिंह दिल के मतानुसार गोयंदवाल सिखों के लिए स्वर्ग के समान था और बावली का स्नान 'ज़मज़म' (मक्का में स्थित पवित्र कुँआ) में स्नान करने के सदृश समझा जाता था।[1]

बावली के पश्चात् गुरु जी ने गुरुचक का निर्माण करने के योजना बनाई। गिलवाली, सुलतानविंड, तुंग, गुमटाला आदि गाँवों के मुखिओं को बुलाकर चक का स्थान निश्चित किया गया और इसके निर्माण का उत्तर-दायित्व जेठा जी को सन् १५७० में सौंपा गया।

लंगर (नित्य जन-भोज) की व्यवस्था का आरम्भ गुरु नानक देव ने ही कर दिया था। इस परम्परा को गुरु अंगद के समय और अधिक दृढ़ किया गया। गुरु अमरदास ने इस मर्यादा को अधिक स्थायी बनाने के लिए 'पहले पंगत पाछे संगत' की घोषणा की। अतः गुरु जी के दर्शनों के लिए जो जिज्ञासु भी आता, उस के लिए पहले लंगर में पंगत (पंक्ति) में बैठ कर भोजन करना

1. 'अमरकवि गुरु अमरदास,' पृ० ४७

अनिवार्य बन गया। गुरु जी ने लंगर की पंगत-मर्यादा पर इस लिए अधिक बल दिया क्योंकि जाति भेद-भाव और ऊँच-नीच की भावना को समाप्त करने के लिए यही अपेक्षाकृत उचित साधन था। वर्णव्यवस्था के अंधविश्वासियों को यह बात पसन्द न आई, उनकी ओर से कई प्रकार के विरोधी प्रयत्न किए गए, परन्तु मानवता में भेदभाव की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए गुरु की यह मर्यादा जन-साधारण को बहुत अच्छी लगी।

बाणी का प्रथम संकलन : गुरु अमरदास के समय गुरुबाणी की सरणी पर कुछ लोगों ने पदों की रचना करनी शुरू कर दी थी। इसलिए गुरु जी ने अपने पदों में यत्र-तत्र सद्गुरु की बाणी को ही वास्तविक और सच्चा मानने की बात कही है—

आवहु सिख सतिगुरु के पिआरिहो गावहु सची बाणी।
बाणी त गावहु गुरु केरी बाणीआ सिरि बाणी।
जिन कउ नदरि करमु होवै हिरदै तिना समाणी।
पीवहु अंमृतु सदा रहहु हरि रंगि जपिहु सारिगपाणी।
कहै नानकु सदा गावहु एह सची बाणी[1]। २३।

गुरुबाणी को प्रक्षिप्त अंशों से बचाने के लिए गुरु जी ने बाणी एकत्रित करने का प्रयास किया और अपने पौत्र (मोहन के पुत्र) सहंसरराम से पोथियाँ लिखवाईं। इन पोथियों में से एक पोथी पटिआला में बाबा भगत सिंह के पास सुरक्षित है और दूसरी पोथी होशियारपुर ज़िला में मंडी दारापुर में बाबा दलीप सिंह के पास सुरक्षित है। ज्ञानी गुरदित सिंह ने बाबा प्रेम सिंह होती-वाले के पास सुरक्षित 'साखीआं गुरु बंस कीआं' नामक हस्तलिखित पुस्तक के आधार पर इन पोथिओं की रचना का आरंभ १५७० ई० (१६२७ वि० का आश्वन मास) में माना है। इनका आरंभ गुरु अमरदास के तत्त्वावधान में ब्यास नदी के किनारे हुआ और १५७२ ई० (सं० १६२९ वि० भादो १०) को इनका लेखन-कार्य सम्पन्न हुआ।[2] कल्याणदास उदासीन ने इन में से एक का रचना-काल १६५२ वि० (१२७ नानकशाही) माना है,[3] किंतु उसने तत्सम्बंधी कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। अतः उनका कथन अमान्य है। प्रो. प्रीतम सिंह ने 'साखीआँ गुरु अमरदास भले कीआं' के आधार पर इन पोथियों का रचना

1. आदि ग्रंथ, पृ० ९२० (रागु रामकली अनंदु, म० ३)
2. 'आलोचना', जनवरी १९५६ ('गोइंदवाल वालीआं पोथीयां'), पृ० ८
3. 'सची खोज' तीसरा भाग, पृ० १६३

काल १५६५ से १५७४ ई० के बीच माना है[1]। पटियाला में सुरक्षित पोथी के एक पृष्ठ के हाशिए पर जेठा जी के स्वाक्षर लिखे बताए जाते हैं, जिससे सिद्ध होता है कि विचाराधीन पोथियों की सृष्टि गुरु रामदास गुरु-पद ग्रहण करने (सं० १६३१ भादो सुदि ३—सन् १५७४ ई०) से पूर्व हो चुकी थीं। अतः ज्ञानी गुरदित सिंह का दिया हुआ साक्ष्य अधिक प्रामाणिक प्रतीत होता है। इन पोथियों में संकलित कुछ वाणी इधर-उधर से सिख अनुयायियों से एकत्रित करवाई गई, कुछ पूर्व लिखित पोथियों से नकल करवाई गई और कुछ गुरु-घर के रबाबियों (मुसलमान गायकों) से सुनकर लिखी गई, क्योंकि उनको बहुत सी वाणी कंठस्थ थी।

इन पोथियों का आकार (१३"×१६") एक-समान है। मंडी दारापुर वाली पोथी के कुल ३०० पत्र है और पटियाला वाली में २२४। काग़ज़, लिखावट, हाशिआ की बनावट आदि विशिष्टताएँ इन दोनों की एक ही लिपिक की लिखी हुई प्रमाणित करती हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर लगभग तेरह-तेरह शब्दों की तेरह-तेरह पंक्तियां हैं। पंक्तियों की संख्या कई पृष्ठों पर न्यूनाधिक भी है। लिपी का स्वरूप पुरातन और स्थूल कुटिल है। कतिपय अक्षरों का स्वरूप वर्तमान गुरमुखी लिपि से किंचित् भिन्न भी है। इन दोनों पोथिओं में गुरु नानक और गुरु अमरदास विरचित वारें उपलब्ध नहीं हैं और न ही सिरी, माझ, गउड़ी, आसा, वडहंस और तुखारी रागों में लिखे पद्य भी उपलब्ध हैं। इन तथ्यों के आधार पर सुतरां स्पष्ट है कि पोथिओं की मूलतः संख्या दो से अधिक थी।[2]

गुरु अमरदास के देहान्त के पश्चात् गुरु-पुत्रों ने ये पोथियों आगामी गद्दीदार गुरु रामदास को देने से इंकार कर दिया और जब गुरु अर्जुन देव ने सन् १६०४ ई० में गुरु ग्रंथ साहिब का सम्पादन किया तो गुरु अमरदास के पुत्र बाबा मोहन (जो उनके मामा थे) के पास सुरक्षित इन पोथियों को मंगवाने के लिए अपने विश्वस्त सिखों को भेजा और बाबा मोहन के द्वारा इंकार किए जाने पर स्वयं पंचम गुरु गोंयदवाल गए और जिस चौबारा में बाबा मोहन निवास करते थे, उसके नीचे बैठकर 'मोहन तेरे ऊचे मंदर महल अपारा' से आरंभ होने वाले पद्य का गायन किया। इससे प्रसन्न होकर बाबा मोहन ने गुरवाणी की पोथियाँ गुरु अर्जुन को बड़े आदर से भेंट कर दीं। उनको प्राप्त कर गुरु अर्जुन देव अत्यन्त प्रसन्न हुए जो उनकी वाणी के

1. 'पंजाबी बोली अते गुरमुखी बारे', "पंजाब" सम्पा० डा० एम.एस. रंधावा, पृ० ३८६ (संस्करण १९६०)
2. 'आलोचना', जनवरी १९५६ ('गोइंदवाल वालीआं पोथीयां'), पृ० ८

निम्नांकित अंतःसाक्ष्य के आधार पर पूर्णरूपेण स्पष्ट है—

हम धनवंत भागठ सच नाइ ।
हरि गुण गावह सहजि सुभाइ । १ । रहाउ ।
पीऊ दादे का खोलि डिठा खजाना ।
ता मेरै मनि भइआ निधाना । १ ।
रतन लाल जा का कछु न मोलु ।
भरे भंडार अखूट अतोल । २ ।[1]

सुस्पष्ट है यदि गुरु अमरदास वाणी-संकलन के लिए पोथियाँ लिखवाने का कार्य सम्पन्न न करवाते तो यह अपूर्व 'ख़ज़ाना' संभवतः दुष्प्राप्य हो जाता। अतः इस दृष्टि से यह गुरु अमरदास की विशेष देन है और वास्तव में वाणी एकत्रित करने का प्रथम सद्प्रयास है। इस प्रकार संभवतः उन्होंने और भी छोटी बड़ी पोथियाँ लिखवाई होंगी क्योंकि उनके सम्बंध में प्रचलित अनेक साखियों में उनके द्वारा गुरुवाणी की व्याख्या करने का कार्य आरंभ हो चुका था।

सुधारवादी उद्यम : गुरु अमरदास के समय समाज और धर्म के क्षेत्र में अनेक प्रकार की कलूषित परम्पराएं स्थापित हो चुकी थीं जिन के फलस्वरूप समाज में अनेक प्रकार के जघन्य और हेय कृत्य किए जाते थे। पति की मृत्यु पर पत्नी के द्वारा उसके साथ चिता पर आत्मदाह करने की प्रथा उनमें से एक है। इस आत्मदाह में स्वेच्छा कम और सामाजिक जबर-दस्ती अधिक थी। गुरु जी को यह अमानवीय कृत्य बहुत बुरा लगा। उन्होंने अपने अनुयायिओं में स्त्री के सती होने पर पाबंदी लगाते हुए सूही राग में एक पद्य के द्वारा सती होने का विश्लेषण आध्यात्मिक संदर्भ में इस प्रकार किया—

सतीआ एहि न आखीअनि जो मड़िआ लगि जलंनि ।
नानक सतीआ जाणीअनि जि बिहरे चोट मरंनि । १ ।
भी सो सतीआ जाणीअनि सील संतोखि रहंनि ।
सेवनि साइ आपणा नित उठि संमालंनि । २१ ।[2]

गुरु जी ने कन्या-हनन (दुखतरकुशी) की प्रथा को भी बहुत निकृष्ट घोषित करते हुए ऐसे व्यक्ति के संपर्क अथवा उसके दान, धन आदि को घृणित बताया है—

1. आदि ग्रन्थ, पृ० १८५-८६ (रागु गउड़ी, म० ५)
2. वही, पृष्ठ ७८७ (रागु सूही वार, म० ३)

ब्रह्मण कैली धातु कंन्का अणचारी का धानु ।

फिटक फिटका कोड़ु बदीआ सदा सदा अभिमानु ।[1]

इसके अतिरिक्त जन्म और मरण से सम्बद्ध अनेकश: प्रथाओं का भी गुरु जी ने विरोध किया और उन परम्परागत अंधविश्वासों को त्याग देने के लिए लोगों को प्रेरणा दी । वर्णाश्रम-धर्म की पालना में गुरु जी को पूर्णतया विश्वास नहीं था । इसलिए इस अमानवीय बंधन को त्याग फेंकने के लिए गुरु जी सदा अपने सिखों को उत्साहित करते थे । स्त्रियों के लिए पर्दाप्रथा भी गुरु साहिब को मान्य नहीं थी । पर्दा के साथ स्त्रियों का उनके दर्शनार्थ दरबार में प्रवेश करना निषिद्ध था ।

देहांत : अपना अंतिम- काल समीप आया देख कर गुरु जी ने बड़ी सावधानी से अपने उत्तराधिकारी का निर्वाचन किया । जिस प्रकार प्रथम दो गुरुओं ने इस महान् पदवी के लिए अपने दोनों पुत्रों को योग्य न समझ कर प्रामाणिक सिखों को इस पद का अधिकारी घोषित किया, उसी प्रकार गुरु अमरदास ने भी अपने पुत्रों में किसी को इस योग्य न पाकर गुरुगद्दी का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अपने दामाद जेठा जी को सौंप कर गुरु अंगद से प्राप्त की ब्रह्म- ज्योति को गुरु रामदास में शरीरांतरित कर दिया । जेठा जी सात वर्ष की आयु में गुरु-चरणों में सेवा करने के लिए उपस्थित हुए और निरन्तर साधना के फलस्वरूप उन्होंने गुरु होने का गौरव प्राप्त कर लिया । बाबा सुंदर विरचित 'सद' के आधार पर बाबा मोहरी ने तो जेठा जी (गुरु रामदास) के श्री-चरणों पर अपना शीश झुका दिया, परन्तु बाबा मोहन इस स्थिति से समझौता न कर पाए और गुरु अर्जुन द्वारा पोथियाँ प्राप्त करने की घटना तक उनके मन में वैमनस्य की भावना बनी रही ।

अंतिम समय गुरु जी ने अपने सम्बंधियों, परिवार के सभी सदस्यों और सिख-संगति को बुलाकर स्पष्ट कह दिया कि परमात्मा की इच्छा का पालन करते हुए वे अपनी इह- लीला समाप्त कर रहे है । इसलिए उन के देहांत के पश्चात् किसी प्रकार का भी कोई रुदन नहीं करना है और न ही परम्परागत मृत-संस्कार भी करने हैं । इस प्रकार का प्रवचन करते हुए गुरु जी ने प्रथम सितंबर १५७४ ई० (संवत् १६३१ भादों सुदि पूणिमा) को गोयंदवाल, ब्यास नदी के किनारे, अपने पार्थिव शरीर को त्याग दिया ।

व्यक्तित्व

गुरु अमरदास एक वय-वृद्ध, अनुभवी और सहज साधक थे । सल्ह भट्ट के अनुसार वे समाधि का कवच पहन कर ज्ञान रूपी घोड़े पर सवार थे

1. आदि ग्रंथ, पृ० १४१३ (सलोक वारा ते वधीक, म० ३)

और उन्होंने धर्म-धनुष को पकड़ कर भक्त वाले शील के तीर से रण ठान रखा था। निर्भय अटल परमात्मा के भय को मन में बसा कर गुरु-शब्द रूपी भाले को गाड़ कर कामादिक पाँच वासनाओं को उन्होंने विखंडित कर दिया था।[1] सत्ता तथा बलवंड नामक डोमों की दृष्टि में उन्होंने सहज के घोड़े पर संयम की काठी डल कर सत्य के धनुष का चिला चाढ़या हुआ था और उस पर यश का बाण लगा रखा था। वस्तुत: कलियुग के निविड़ अंधकार को छिन्न-भिन्न करने के लिए वे सूर्य के समान उदय हुए थे।[2] उन के चरित में अवतारत्व का आरोप करते हुए कीर्त भट्ट ने अपने उद्गार इस प्रकार व्यक्त किए हैं —

> आपि नराइण कला धारि जग महि परवरियउ।
> निरंकारि आकारु जोति जग मंडलि करियउ।
> जह कह तह भरपूरु सबदु दीपकि दीपायउ।
> जिह सिखह संगहिओ ततु हरि चरण मिलायउ।
> नानक कुलि निंमलु अवतरिउ अंगद लहणे संगि हुअ।
> गुर अमरदास तारण तरण जनम जनम पा सरणि तुअ।[3]

उक्त भट्ट-भणंत से एक बात भली-भाँति स्पष्ट है कि उस युग में सांसारिकता में ग्रस्त मानवता के लिए गुरु अमरदास जीवन दान देने वाले मसीहा के रूप में प्रकट हुए थे। वैष्णव भक्ति उन को बपौती के रूप में मिलने के कारण बाल्यकाल से ही उनका पारिवारिक वातावरण पूर्णतया आध्यात्मिकता वाला था। व्यापार और खेती में सत्यता का पालन करते हुए तीर्थ-यात्राएँ करना उनका धार्मिक कर्म था। परन्तु वे संकीर्ण अथवा अंध-विश्वासी रुचियों वाले साधक नहीं थे। वे हर प्रकार की नयी विचारधारा अथवा साधना-विधि को ग्रहण करने के लिए सदैव तत्पर रहते, यदि उससे मानवता का और उनका अपना कल्याण संभव हो सके। इसीलिए उन्होंने ब्रह्मचारी साधक से 'निगुरा' होने की बात सुनकर गुरु को प्राप्त करने के लिए एकदम मन बना लिया और तब तक चैन से नहीं बैठे जब तक उनको गुरु अंगद देव के रूप में एक निपुण्य मार्गदर्शक न मिल गया।

साधना के मार्ग में उन के लिए सांसारिक नातेदारी और आयु की औपचारिकता कोई अर्थ नहीं रखती थी। सेवा उनकी साधना की आधारशिला थी, जो उनके साधक को विकट परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होने देती

1. आदि ग्रंथ, पृ० १३९६
2. वही, पृ० ९६८
3. वही, पृ० १३९५

थी। सेवा के बल पर ही उन्होंने नानकत्व को प्राप्त किया था। प्रवृत्तिमार्गी होते हुए भी उन्होंने अपने आप को 'गृहस्थ में उदास' रखा था। गृहस्थी का उत्तरदायित्व निभाना वे खूब जानते थे, श्रेष्ठ पति और पिता के साथ-साथ वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वावलंबी थे। उनका परम्परागत व्यापार ही उन की आजीविका का एक-मात्र साधन था। गुरु-पद ग्रहण करने के पश्चात् भी लंगर से घर के लिए कोई वस्तु प्राप्त करना वे अनुचित समझते थे।

उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। वे स्वयं महान् साधक थे और अपने अनुयायिओं से सत्य साधना की अपेक्षा रखते थे। वर्णाश्रम-व्यवस्था में उनका विश्वास नहीं था, इसलिए पारिवारिक स्तर से ले कर साधना के क्षेत्र तक उनकी सारी व्यवस्था जाति-भेद भाव और पारिव्राज्य की मान्यताओं से मुक्त थी। ब्राह्मण हो या शूद्र, सन्यासी हो या गृहस्थी, सम्राट् हो या फ़कीर, गुरु जी के दर्शन करने से पूर्व उसको लंगर की पंगत में बैठ कर भोजन ग्रहण करना होता था। 'पहले पंगत पाछै संगत' के सिद्धांत को अपनाने से सभी का अहंभाव छूट जाता था।

गुरु जी अपूर्व सुधारवादी थे। उनका सुधारवाद धर्म के क्षेत्र से समाज के क्षेत्र तक व्यापक था। इस सुधारवाद में लोक-हित और कल्याण की भावना निहित थी। सती प्रथा को रोकने, अंतर्जातीय विवाह, विधवा-विवाह आदि को स्वीकृति देनें में उनका सुधारवाद निखर कर सामने आया था। धर्म के क्षेत्र में उन्होंने तीर्थ-यात्रा के चक्कर में पड़ी मानवता को आत्मतीर्थ में स्नान करने के लिए प्रेरित किया और कर्मकांडीय तथा वैधी साधना-पद्धतियों को त्याग कर प्रेम द्वारा सम्पन्न होने वाली भक्ति को अपनाने के लिए प्रेरणा दी।

वे एक सुयोग्य प्रबन्धक और कुशल व्यवस्थापक थे। गुरु-पद ग्रहण करने के पश्चात् सिख-जिज्ञासुओं को एक माला में पिरोए रखने के लिए उन्होंने २२ मंजियों की स्थापना की और वार्षिक समागमों की व्यवस्था के द्वारा उन सभी का केन्द्रीय संस्था से संपर्क बनाए रखा।

बावली और गुरु-चक का निर्माण करवा कर सिख साधकों के लिए महान् धर्म-धामों की स्थापना की। धर्म को उन्होंने संकीर्णता के परिवेश से निकाल कर सर्वथा लोक-हित एवं आध्यात्मिक उन्नति की भाव-भूमि पर स्थापित किया।

उनका व्यक्तित्व एक महान् तेजस्वी का व्यक्तित्व था जिस के प्रभाव से बड़े-बड़े उद्दंड व्यक्ति भी नतमस्तक होते देखे गए। साधना की उस

शिखर पर वे सहज ही पहुँच चुके थे, जहाँ पहुँच कर आपा-पर-का भेद मिट जाता है और सर्वत्र अद्वैतता का शांत वातावरण दिखाई पड़ता है। उन के महान् व्यक्तित्व के कारण उनमें देवत्व की कल्पना की जाने लगी और अनेक प्रकार की चमत्कार प्रधान घटनाएँ उनके जीवन-चरित से जोड़ दी गई। वस्तुत: उनका व्यक्तित्व श्रेष्ठ और अद्वितीय था, इसलिए भल्ल नामक भट्ट का निम्नांकित कथन अक्षरश: सत्य है—

भले अमरदास गुण तेरे,
तेरी उपमा तोहि बनि आवै[1]।

कृतित्व

गुरु अमरदास ने गुरु-गद्दी पर आसीन होने के पश्चात् अपनी रहस्यानुभूति को अभिव्यक्त करने के लिए वाणी की रचना की। यह रचना १७ रागों में संगीत-बद्ध की गई है और बिहागड़ा राग में कतिपय श्लोकों की रचना भी हुई हैं। रागक्रमानुसार गुरु अमरदास की वाणी का ब्योरा इस प्रकार है—

१.	सिरी राग	:	३१ पदे—१ त्रिपदा (चौतुका), २६ चउपदे (१६ त्रितुके, १० चौतुके), ४ पंचपदे (१ दुतका, ३ चौतुके); ८ पदियाँ—७ अष्टपदियाँ (२ दुतुकी, ५ त्रितुकी), १ दसपदी (त्रितुकी); ३३ श्लोक (२ से ११ पंक्तियों तक)।
२.	माझ राग	:	३२ पदियाँ[2]—३१ अष्टपदियाँ (त्रितुकी), १ नौपदी (त्रितुकी); ३ श्लोक (२ से ४ पंक्तियों तक)।
३.	गउड़ी राग	:	१८ चउपदे (३ दुतुके, ५ त्रितुके, १० चौतुके); ९ अष्टपदियाँ, (२ दुतुकी, ६ त्रितुकी, १ चौतुकी); ५ छंत (प्रत्येक में चार छेतुके पदे); ७ श्लोक (३ जे ८ पंक्तियों तक)।
४.	आसा राग	:	१३ पदे—११ चउपदे (१ दुतुका, १० चौतुके), २ पंचपदे (चौतुके); १५ अष्टपदियाँ (१३ दुतुकी, १

1. आदि ग्रंथ, पृ० १३९६
2. प्रत्येक पदी की प्रथम और द्वितीय पंक्तियाँ एक-समान और तीसरी इन दोनों जितने आकार की है और अंत में दीर्घ स्वर वाला कोई शब्द रहता है।

त्रितुकी, १ चौतुकी), १ पटी (१८ दुतुकी पउड़ियाँ); २ छंत (एक में ४ और दूसरे में १० छेतुके पदे)।

५. गूजरी राग : ७ पदे—५ चउपदे (दुतुके), २ पंचपदे (दुतुके); १ दसपदी (दुतुकी); ४३ श्लोक (२ से ११ पंक्तियों तक); २२ पउड़ियाँ (पंच तुकी)।

६. बिहागड़ा राग : ३३ श्लोक (२ से ११ पंक्तियों तक)।

७. वडहंस राग : ९ पदे—८ चउपदे (दुतुके), १ नौपदा (दुतुका); २ अष्टपदियाँ (दुतुकी); ६ छंत (प्रत्येक में ४ छेतुके पदे); ४ अलाहणियाँ (प्रत्येक में ४ छेतुके पदे); ४० श्लोक (२ से १० पंक्तियों तक)।

८. सोरठ राग : १२ चउपदे (५ दुतुके, ६ त्रितुके, १ चौतुका); ३ अष्टपदियाँ (२ दुतुकी, १ त्रितुकी); ४८ श्लोक (२ से १० पंक्तियों तक)।

९. धनासरी राग : ९ पदे—१ त्रिपदा (दुतुका), ८ चउपदे (चौतुके)।

१०. सूही राग : ४ पदियां—३ अष्टपदियां (१ दुतुकी, १ त्रितुकी, १ चौतुकी), १ ३४-पदी (दुतुकी); ७ छंत (प्रत्येक में ४ छ:तुके पदे), १५ श्लोक (२ से ८ पंक्तियों तक), २० पउड़ियां (पंच-तुकी)।

११. बिलावल राग : ६ पदे—५ चउपदे (२ दुतुके, १ त्रितुका, २ चौतुके), १ पंचपदा (चौतुका); १ अष्टपदी (त्रितुकी); २ २ सतवारा (प्रत्येक में १० छ:तुके पदे); २४ श्लोक (३ से १० पंक्तियों तक)।

१२. रामकली राग : १ छ:पदा (चौतुका); ५ पदियाँ—१ १२-पदी (दुतुकी), २ २१-पदी (इकतुकी), १ २७-पदी (इकतुकी); १ ३०-पदी (इकतुकी); १ अनंदु (५ से ६ पंक्तियों की ४० पउड़ियाँ); २४ श्लोक (२ से १० पंक्तियों तक); २१ पउड़ियां (प्रत्येक पंचतुकी)।[1]

१३. मारू राग : ५ पदे—४ चउपदे (दुतुके), १ पंचपदा (दुतुका); १ दसपदी (दुतुकी); २४ सोलहे (प्रत्येक में तीन

1. प्रथम पउड़ी के साथ एक पंक्ति 'रहाउ' की भी है।

पंक्तियों[1] के १६ पदे); २३ श्लोक (२ से १० पंक्तियों तक); २२ पउड़ियाँ (प्रत्येक पंचुतुकी) ;[2]

१४. भैरउ राग : २१ पदे—१५ चउपदे (दुतुके), ४ पंचपदे (३ दुतुके, १ चौतुका), २ छ:पदे (दुतुके); २ पदियाँ—१ अष्टपदी (दुतुकी), १ ३४-पदी (चौतुकी)।

१५. बसंत राग : २० पदे—१९ चउपदे (७ दुतुके, ४ चौतुके), १ पंचपदा (चौतुका)।

१६. सारंग राग : ३ अष्टदियाँ (दुतुकी)[3]; २३ श्लोक (२ से १० पंक्तियों तक।

१७. मलार राग : १३ पदे—१० चउपदे (४ दुतुके, ३ त्रितुके, ३ चौतुके) ३ पंचपदे (१ त्रितुका, २ चौतुके); ३ अष्टपदियाँ (१ दुतुकी, १ त्रितुकी, १ चौतुकी); २७ श्लोक (२ से ११ पंक्तियों तक)।

१८. प्रभाती राग : ७ पदे—६ चउपदे (४ दुतुके, २ त्रितुके), १ पंचपदा (दुतुका); २ पदियाँ—१ अष्टपदी (दुतुकी), १ ११-पदी (दुतुकी)।

श्लोक = १) श्लोक फरीद प्रसंग[4] १३वाँ और १०४वाँ = २
२) श्लोक कबीर प्रसंग २२०वाँ = १
३) श्लोक वारा ते वधीक म० १—२८वाँ = १
४) श्लोक वारा ते वधीक म० ३ = ६४[5]

योगांक = १७२ चउपदे, ९१ अष्टपदियाँ, २० छंत, २४ सोलहे, ४११ श्लोक, ८५ पउड़ियाँ, ९४ फुटकर पद्य = ८९७

उपर्युक्त वाणी का आलोचनात्मक परिचय देने के लिए इन के आकार

1. प्रथम और द्वितीय पंक्ति एक-समान, परन्तु तीसरी इन दोनों के आकार जितनी लम्बी और अंत में दीर्घ-स्वर वाला शब्द रहता है।
2. अंतिम पउड़ी में छ: पंक्तियां हैं।
3. यहाँ 'रहाउ' की दो पंक्तियाँ प्रथम पदे से पूर्व अंकित हैं।
4. अंक ५२ वाला श्लोक रामकली राग की वार के साथ १५ अंक पर संकलित है।
5. इन श्लोकों की कुल संख्या ६७ है, किंतु इन में से पहले दो रामकली राग की वार में एक श्लोक के रूप में अंक ११ पर संगृहीत हैं और तीसरा श्लोक मारू राग की वार में १३वें श्लोक का पूर्वार्द्ध है।

एवं वर्ग को सम्मुख रखते हुए निम्नांकित क्रम से अध्ययन किया जा सकता है, यथा अनंदु, अलाहणियाँ, वार सत, पट्टी, वार काव्य, पउड़ियाँ, श्लोक, चौपदे, अष्टपदियाँ, सोलहे और छंत ।

अनंदु : इस बृहदाकार वाणी की रचना रामकली राग में हुई है। इस कृति का गुरु अमरदास विरचित वाणी में विशेष महत्त्व है। जिस प्रकार गुरु नानक देव की वाणी में 'जपु' और गुरु अर्जुनदेव की वाणी में 'सुखमनी' का विशेष स्थान है, उसी प्रकार तीसरे गुर की वाणी में प्रस्तुत कृति का विशिष्ट महत्त्व है। सिखों के सभी मांगलिक, धार्मिक एवं मृत्यु सम्बंधी संस्कारों के अवसर पर इस वाणी का गायन एवं. पठन-पाठन होता है। अमृत-संस्कार के समय इसे अमृत की पाँच वाणियों में शामिल किया जाता है। नित्य की वाणियों में भी इस का पाठ होता है। सांय-काल को सिख-साधकों के द्वारा पढ़ी जाने वाली 'रहरास' नामक वाणी में भी इस के संक्षिप्त रूप (प्रथम पाँच पद्य और अंतिम पद्य) को संमिलित किया गया है। इस रचना में कोई ऐसा अंतः-साक्ष्य उपलब्ध नहीं जिसके आधार पर इस की रचना-प्रेरणा और रचना-काल के सम्बंध में कोई तथ्याधारित बात कही जा सके। साम्प्रदायिक परम्परा के अनुसार गुरु जी ने इसकी रचना अपने पुत्र मोहरी के घर में पुत्रोत्पत्ति के अवसर पर सन् १५५४ ई० (१६११ वि०) में की थी।[1] अपने पौत्र, जिसका नाम 'आनंद' रखा गया, के जन्म की खुशी को किसी अलौकिक खुशी का आधार बना कर गुरु जी ने अद्वैत साधना के संदर्भ में 'ज्वलित जगत्' को शीतल करने की विधि का परिचय देकर वाणी-जगत् में एक स्तुत्य प्रयास किया।

इस रचना में ४० पद्य हैं जिन में से परम्परा के अनुसार ३९वाँ पद्य चौथे गुरु का और ४०वाँ पंचम गुरु का लिखा है। परन्तु यहाँ एक बात द्रष्टव्य है कि गुरु ग्रंथ साहिब का सम्पादन करते समय गुरु अर्जुन देव ने जो स्वरचित पद्य किसी अन्य रचयिता की वाणी में सम्मिलित किए, उन के सम्बंध में आवश्यक सूचना प्रारम्भ में ही दे दी गई, यथा मलार राग में संकलित गुरु नानक विरचित वार की २८वीं पउड़ी पंचम गुरु की लिखी है। इस सम्बंध में आरम्भ में ही संकेत कर दिया गया है, यथा—पउड़ी नवीं म० ५। इस तथ्य के प्रकाश में कहना न होगा कि 'अनंदु' के सभी पद्य गुरु अमरदास के लिखे हैं।

यह एक रूपकात्मक (allegoric) रचना है। इसमें मनुष्य एक

१. काह्न सिंह भाई; 'महानकोश', पृ० ४८

बनजारा है जिस ने संसार रूपी बीहड़ मार्ग से गुज़रना है। इस मार्ग में अनेक प्रकार की बाधक शक्तियों का जमघट है। भयभीत जिज्ञासु का उत्साहवर्धन करने के लिए गुरु का शब्द एक महत्त्वपूर्ण और विश्वस्त तत्त्व है। इस शब्द के निर्देशन में मनुष्य अपने ध्येय, अर्थात् परमानंद, की प्राप्ति करता है। इस प्रकार 'माटी का पुतला' माटी में रह कर विषय-वासनाओं का दमन करता हुआ, गुरु की वाणी में लीन रहकर लौकिकता में ही अलौकिक तत्त्व अथवा आनंद को प्राप्त कर लेता है। धरती का आकाश से, भौतिकता का आध्यात्मिकता से, आत्मा का परमात्मा से नाता जोड़ने के लिए प्रस्तुत कृति एक महत्व-पूर्ण भूमिका निभाती है। वास्तव में जिज्ञासु को धरती से बैकुंठ तक पहुँचाने में सहायक रूप में प्रस्तुत होने वाली यह एक निसेनी है और यही इसकी रूपकात्मकता है। इस का प्रारम्भ बड़े उत्सुकतापूर्ण ढंग हुआ है। शुरू में ही 'आनंद भइआ मेरी माए' कह देने से जिज्ञासु एकदम से आकर्षित हो जाता है। इस कृति का अंत भी बड़ा नाटकीय है और अंतिम पद्य में इस रचना के माहात्म्य की ओर संकेत किया गया है, जिसकी सर्वप्रमुख उपलब्धि 'आनंद' है। जिज्ञासु को समझाने के लिए बड़ी कलात्मक विधि से शारीरिक अंगों, विभिन्न मत-मतांतरों के साधकों और सामान्य व्यक्ति को संबोधित किया गया है। इस प्रकार परम्परागत आनंदवादी सिद्धांत को मध्ययुग की परिस्थितियों के अनुरूप नया परिवेश प्रदान किया गया है।

सुन्दर अलंकार-योजना इस कृति के कलात्मक गौरव की सूचक है। सारी रचना रामकली राग में लिखी गई है। गुरुवाणी के अन्य पदों के समान इस में भी राग को विशेष महत्त्व प्रदान किया गया है, परन्तु छंद को गौण स्थान मिला है। फलस्वरूप इस कृति में छंद का आधार रागात्मक आवश्यकता है। इस में कुल ४० पउड़ियाँ (पद) हैं, जिन में से ३३ पाँच-पाँच पंक्तियों की है और शेष सात पउड़ियाँ छः-छः पंक्तियों की हैं। पंक्तियों के आकार कई प्रकार के हैं, परन्तु लय की पूर्ति सर्वत्र होती है। वाक्यांशों अथवा पंक्तियों की पुनरावृत्ति से संगीतात्मकता की उत्पत्ति में सहायता मिलती है। 'कुंडलिया' छंद की ध्वनि इन पद्यों में सुनाई पड़ती है। इन पद्यों में मात्रा-गत किसी भी नियम का पालन नहीं किया गया। यहाँ ध्वन्यात्मकता का प्राधान्य है, छंद के शास्त्रीय निर्वाह का नहीं। फिर भी यह अति सुंदर राग-बद्ध और उत्तम कविता है। वस्तुतः सुंदर भाव-विभूति को कृत्रिम परिधान की आवश्यकता ही नहीं होती।

इस रचना में सरल मन की रसात्मक अभिव्यक्ति हुई है। इस की रसात्मकता के सर्वप्रथम कारण भाषा की सरलता एवं स्वच्छता हैं। इसमें

सधुक्कड़ी और ब्रज भाषा का अंश मौजूद है, परन्तु शब्द-प्रयोग में केवल वही शब्द लिए गए हैं जिन का लय और संगीत उत्पन्न करने में सहयोग रहता हो। इसमें अरबी और फ़ारसी भाषा के शब्दों का नाम-मात्र प्रयोग हुआ है। इस का भाषागत वातावरण अधिकतर भारतीय ही रहा है। भाषा के अलंकरण के लिए अनुप्रास को मुख्य साधन बनाया गया है। इसमें कठोर वृत्तियों वाले शब्दों का प्रयोग बहुत कम हुआ है, अधिकतर शब्दावली मधुर और प्रसाद-गुण सम्पन्न है। इस का कारण रचयिता-गुरु का अपना व्यक्तित्व है। वृद्धावस्था में जितना संयम और स्नेह किसी श्रेष्ठ साधक में हो सकता है, उस का आभास इस रचना से हो जाता है।

इस कृति का प्रत्येक पद्य अपने आप में स्वतंत्र भाव का विश्लेषण करता है और अपने आप में एक स्वावलंबित इकाई भी है, जो आनंदवादी भावधारा अथवा शृंखला की महत्त्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाती है। इस प्रकार प्रत्येक पद्य अपने दोहरे कर्त्तव्य का निर्वाह करता है। यह रचना जहाँ एक महान् भाव का विश्लेषण कर जिज्ञासु का मार्गदर्शन करती है, वहाँ कलात्मक दृष्टि से भी एक सिद्धहस्त साधक की प्रौढ़ कृति होने का दम भरती है।

अलाहणियाँ : वडहंस राग में गुरु अमरदास विरचित चार अलाहणियाँ संकलित हैं। यद्यपि इन्हें 'अलाहणी' शीर्षक नहीं दिया गया, तथापि गुरु नानक देव विरचित अलाहणियों के प्रसंग में शामिल किए जाने के फलस्वरूप इन को 'अलाहणी' लोक-काव्य-विधा के अंतर्गत स्वीकार किया जाएगा। यह पंजाबी भाषा का एक शोकपरक लोक-गीत है। इसमें सामान्यत: मृत व्यक्ति के गुणों का दु:खित स्वर में स्तवन करते हुए स्त्रियाँ खड़े होकर मुख, वक्ष, आदि को हाथों से पीटते हुए रुदन करती हैं। पंजाबी में गुरु नानक देव ने सर्वप्रथम इस लोक-गीत को बड़ी सरलता से अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाकर वडहंस राग में पाँच अलाहणियों की रचना की है। ये पद्य वैराग्य से परिपूर्ण हैं, किन्तु कहीं भी निराशा अथवा उदासीनता का आभास नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि गुरु जी ने इन पद्यों में जिज्ञासु को मृत्यु के भय का निवारण करने, निर्वेदभाव उत्पन्न करने और मोहग्रस्त भौतिकता से मुक्ति प्राप्त करने का उपदेश दिया है।[1] इसी सरणी पर गुरु अमरदास ने भी चार अलाहणियों की रचना की है। डा० बलबीर सिंह दिल के अनुसार ये अलाहणियाँ भले ही गुरु नानक रचित अलाहणियों के समान शोख भावाभि-

1. सीता राम बाहरी (डा०) 'गुरु नानक का हिन्दी काव्य', (टंकित शोध-प्रबंध), पृ० २०८

व्यक्ति करने वाली नहीं, परन्तु इन में मृत्यु और पति के वियोग से सम्बद्ध वातारवण के दृश्य दिखाकर शाश्वत पति-परमात्मा के साथ एकात्मकता स्थापित करने का उपदेश अवश्य दिया गया है।[1] इस पद्यों में लौकिक रुदन के समान दुःख का कोई भाव प्रकट नहीं किया गया है, अपितु अज्ञानवश जीवात्मा का परमात्मा के साथ हुआ वियोग ही दुःख का मूल कारण बताया गया है और इस दुःख से निवृत्त होने का एक-मात्र उपाय परमात्मा का यशगान करना अथवा नाम-स्मरण करना है। इन पद्यों का विधान 'छंत' की परम्परा में हुआ है। प्रत्येक पद्य में छः-छः तुकों (पंक्तियों) के चार-चार पदे हैं। इन में किसी छंद विशेष के लक्षणों को ढूँढ निकालना कठिन है, हाँ, कुंडलिया छंद के समान वाक्यांशों की पुनरावृत्ति और कलश छंद से कतिपय मात्रागत समानता देखी जा सकती है। इन की भाषा वैराग्यमयी और गंभीर है।

वार-सत : बिलावल राग में संगृहीत गुरु अमरदास की लिखी हुई एक लघ्वाकार कृति 'वारसत' के नाम से उपलब्ध है। इस में छः-छः तुकों (पंक्तियों) के कुल दस पद्य हैं और 'रहाउ' (टेक) की दो पंक्तियाँ इनके अतिरिक्त हैं। प्रत्येक वार का उल्लेख एक-एक पदे में हुआ है, परन्तु बुधवार का चित्रण दो पद्यों में हुआ है। अंतिम दो पद्यों में गुरु जी का उपदेश-कथन है। इस कृति के पश्चात् इसी सरणी और भावभूमि पर एक और लघ्वाकार कृति संकलित है, परन्तु उसमें वारों का नामोल्लेख नहीं हुआ। पंजाबी में इस प्रकार की लोक-काव्य-विधा को 'सतवार' भी कहा जाता है। इन पद्यों मे गुरु अमरदास ने सप्ताह के सात वारों का आध्यात्मिक विश्लेषण किया है। उस युग में लोगों में अंधविश्वासों के प्रभावाधीन दिनों, वारों, तिथियों आदि के सम्बंध में कई प्रकार की रूढ़ भावनाएँ एवं भ्रामक धारणाएँ प्रचलित थीं। गुरु जी को ऐसी मान्यताएँ मान्य नहीं थीं। इस प्रकार की चिंतन-प्रणाली वालों को गुरु जी ने 'मुगध गवार' कहा है। वस्तुतः सभी वार श्रेष्ठ एवं पवित्र हैं, यदि उनमें हरि का स्मरण किया जाए। इसलिए गुरु जी ने सांसारिकता में लिप्त मनुष्यों को भ्रमों में फँसने की अपेक्षा अहंकार का त्याग कर प्रेमाभक्ति के द्वारा अपने आप को नाम में अनुरक्त करने की प्रेरणा दी है। वार और तिथियाँ आने-जाने वाली हैं, इन के भ्रामक चक्कर में न पड़ कर चिर-स्थायी प्रभु के शब्द का मनन करना विशेष लाभकारी है।

पट्टी : आसा राग में संकलित इस लघ्वाकार कृति में दो तुकों (पंक्तियों) के कुल १८ पद्य हैं। और 'रहाउ' (टेक) की दो पंक्तियाँ इनके अतिरिक्त

---

1. 'अमरकवि गुरु अमरदास', पृ० ११८

हैं। पट्टी अथवा पटिया उस तख़्ती को कहते हैं । जिस पर बालक वर्णमाला लिखना सीखते हैं । इसी परम्परा के आधार पर उस रचना को भी पंजाबी में 'पट्टी' कहा जाने लगा, जिस में वर्णमाला की यथाक्रम काव्यमयी व्याख्या प्रस्तुत की गई हो । इस प्रकार की रचनाओं को वर्ण-संख्या के आधार पर सीहर्फ़ी, चौंतीसा, पैंतीस-अखरी, बावन-अखरी, आदि नाम दिए जाते हैं। अखरावट और ककहरा भी इसी जाति की रचनाएँ हैं । पंजाबी में इस काव्य-विधा का प्रारंभ गुरु नानक देव ने किया था। गुरु अमरदास ने संभवतः उन्हीं के अनुसरण पर इस 'पट्टी' की रचना की होगी । परन्तु इन दोनों पट्टियों में अक्षर-क्रम एवं संख्या एक-समान नहीं है। गुरु नानक देव विरचित पट्टी में किंचत् भिन्न क्रम से वर्तमान गुरुमुखी लिपि के ३५ वर्णों और उनके उच्चारण का स्वरूप प्रस्तुत हो जाता है, परन्तु विचाराधीन 'पट्टी' में गुरुमुखी के दस अक्षरों (च, ञ, ट, ठ, ड, ढ, ण, फ, य, ड़) के नामोल्लेख का अभाव है। शेष २५ अक्षरों, जिन का उच्चारण वर्तमान गुरुमुखी लिपि के अनुरूप है, की आध्यात्मिक व्याख्या के द्वारा गुरु जी ने पंडितों को व्यर्थ की शाब्दिक खिलवाड़ में न पड़कर परमात्मा की भक्ति करने की प्रेरणा दी है। क्योंकि अन्य प्रकार की लिखावटों का अध्ययन व्यर्थ है, उन से मस्तिक पर लिखा लेख नहीं मिटता। आवश्यकता तो उस लेख को मिटाने की है और उसका मिटना तभी संभव हो सकता है जब जिज्ञासु अन्य सभी सांसारिक प्रपंच से अपने आप को मुक्त कर के हरि-भक्ति में लीन कर ले। यही वास्तविक पठन-पाठन है।

वार काव्य : गूजरी, सूही, रामकली और मारू नामक रागों में विरचित गुरु अमरदास की चार वारें उपलब्ध हैं। 'वार' पंजाबी भाषा का एक लोक-काव्य रूप है। अनेक विद्वानों ने इस शब्द की विभिन्न व्युत्पत्तियाँ और विविध अर्थ बतलाने का प्रयास किया है।[1] यदि उन सभी का समीकरण किया जाए तो वार काव्य-रूप की परिभाषा इस प्रकार होगी—'वह काव्यमय उत्साह-वर्द्धक वार्ता, जिस में किसी आक्रमण अथवा संघर्ष के प्रकरण में नायक का यशोगान किया गया हो'। इस में सामान्यतः वीर रस की प्रधानता होती है और इस को गाने वाले और किसी सीमा तक रचयिता भी भाट अथवा चारण (ढाढी) होते हैं। अपने आप को प्रभु का भाट[2] घोषित करते

1. कान्ह सिंह भाई : 'महानकोश', पृ० ८१७, 'पंजाबी साहित दा इतिहास', भाषा विभाग (वीर साहित), आदि
2. हउ ढाढी वेकारु कारै लाइआ।
   राति दिहै कै वीर धुरहु फुरमाइआ। २७।
   (आदि ग्रंथ, पृ० १५०, वार माझ)

हुए गुरु नानक देव ने सर्वप्रथम 'वार' को वीर-रस के क्षेत्र से निकाल कर आध्यात्मिकता के शांत और सौम्य वातावरण में ला खड़ा किया। इस परिवर्तन के सम्बंध में 'पुरातन जनमसाखी' की ३२वीं साखी, जो 'आसा की वार' की अवतरणिका के रूप में लिखी गई है, विशेष उल्लेखनीय है। शेख फ़रीद शकरगंज के गद्दीदार शेख बृहम ने गोष्ठी के समय गुरु नानक देव को परमात्मा रूपी नायक के यश में एक वार उच्चारने का अनुरोध किया, जिस का आवश्यक संदर्भ इस प्रकार है—

> नानक हिक खुदाइ की वार सुणाइ, असानूं इह मकसूद है, जो वार दुहु बाझु होदी नाहीं, अते तू हिको हिकु आखदा है, देखा खुदाइ का सरीकु तू कवण करसी ? तब बाबे आखिआ, मरदानिआ रबाबु बजाइ। तां मरदाने रबाबु वजाइआ, राग आसा कीता, बाबे सलोक दिता, सलोक सतिगुरु प्रसादि। आसा दी वार महला १।

इस अवतरण से 'वार' काव्य-रूप के वीर-रसी क्षेत्र से भक्ति-रस के क्षेत्र में स्थानांतरित होने की भूमिका स्पष्ट है। ऐसे परिवर्तन से एक ओर जहाँ वार के विषय-क्षेत्र का विस्तरण हुआ है, वहाँ दूसरी ओर लोक-मानस के अत्यधिक अनुकूल काव्य-रूप को अपना कर जिज्ञासु को मोक्ष-प्राप्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित भी किया गया है। इस से वार के संघर्ष-पक्ष के स्वरूप को भी अधिक सूक्ष्म बनाया गया है। इन वारों में परमात्मा को सर्वशक्ति-सम्पन्न योद्धा मान कर उसका स्तवन किया गया है।

ये वारें मूल रूप में पउड़ियों (पद्यों) में लिखी गई थीं, किंतु चारण लोग वार को गाते समय विश्लेशणात्मक प्रवृत्ति के अधीन कई बार पउड़ियों के साथ कतिपय श्लोक भी जोड़ दिया करते थे। भाई वीर सिंह के मतानुसार गुरु अर्जुन देव ने 'आदि-ग्रंथ' के सम्पादन के पूर्व जो श्लोक इन वारों की पउड़ियों के साथ जुड़ चुके थे, उन्हें यथावत् रखते हुए, वार को पुन: प्रामाणिक क्रम प्रदान किया था।[1] वस्तुत: गुरु अर्जुन देव ने 'आदि-ग्रंथ' के सम्पादन के समय सैकड़ों की संख्या में उपलब्ध श्लोकों को वारों की पउड़ियों के साथ शामिल कर दिया और ऐसा करने पर भी जो श्लोक शेष रह गए उन्हें 'सलोक वारा ते वधीक' (वारों के अतिरिक्त श्लोक) शीर्षक देकर 'आदि-ग्रंथ' में संपादित कर दिया। इससे सुतरां स्पष्ट है कि वारों के पउड़ी वाले मूल रूप को श्लोक-युक्त करने का अंतिम एवं प्रामाणिक सद्प्रयास पंचम गुरु अर्जुन देव ने किया था। गुरु अमरदास विरचित इन चार वारों में से 'गूजरी की वार'

1. 'पंज ग्रंथी सटीक', पृ० ३८९

में संकलित सभी श्लोक भी गुरु अमरदास के हैं, जबकि अन्य वारों में दूसरे गुरुओं के श्लोकों को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त गुरु अर्जुन ने लोक में प्रचलित कतिपय वारों के आधार पर इन में से दो वारों के लिए ध्वनियों अथवा तर्जों को भी निश्चित किया है,[1] यथा—

1. गूजरी की वार–'सिकंदर बिरहिम की वार की धुनि गाउणी'।
2. रामकली की वार–'जोधै वीरे पूरबाणी की धुनी'।

पउड़ियां : इन चार वारों में पउड़ियों की संख्या इस प्रकार है—

गूजरी की वार	२२
सूही की वार	२०
रामकली की वार	२१
मारू की वार	२२

'पउड़ी' वार के लिए प्रयुक्त होने वाला छंद-गत काव्य-रूप है, जिस को सामान्यत: 'निशानी' और 'सिरखंडी' छंदों में अंकित किया जाता है। गुरु अमरदास ने अपनी सभी वारों को निशानी छंद-प्रबंध में लिखा है। 'पउड़ी' का अर्थ है 'सीढ़ी'। जब किसी भाव विशेष का विकास उत्तरोतर तीव्रता की ओर करना इच्छित हो तो पउड़ी काव्य-रूप बड़ा उपयुक्त बैठता है। 'वार' में चूंकि भाव विशेष का विकास उत्तरोत्तर संघर्ष और शिखर की ओर बढ़ता है, इस लिए पउड़ी का उपयोग इस काव्य के लिए विशेष अनुकूल है। लगभग ये सभी पउड़ियाँ पाँच-पाँच तुकों (पंक्तियों) की हैं, केवल 'मारू राग की वार' की २२वीं पउड़ी छ: तुकों की है और रामकली राग की वार की प्रथम पउड़ी के साथ एक पंक्ति 'रहाउ' (टेक) की भी है। इन पउड़ियों की मात्राएँ एक-समान नहीं हैं, वस्तुत: इनकी मात्रा-संख्या राग द्वारा अनुशासित है। इसलिए राग की आवश्यकता के लिए पउड़ियों में यत्र-तत्र मात्रा-संख्या बढ़ती और कम होती रही है। इन पर किसी विशेष छंद के लक्षण घटित नहीं होते। इस दृष्टि से ये पिंगल के बंधन से मुक्त है। प्रतिपाद्य की दृष्टि से इन पउड़ियों में अधिकतर एकेश्वरवाद, गुरु-महिमा, नाम-स्मरण, भाव-भक्ति, रहस्यानुभूति की अभिव्यक्ति हो पाई है और इन सभी में भाव-साम्य यथेष्ट मात्रा में दृष्टिगोचर होता है।

श्लोक : गुरु अमरदास ने कुल ४११ श्लोकों की रचना की है। डा० बलवीर सिंह दिल ने यह संख्या ४१० बताई है, परन्तु इस सम्बंध में कुछ तथ्य विशेष दृष्टव्य हैं। एक यह कि 'सलोक वारा ते वधीक' संदर्भ के

1. कान्ह सिंह भाई : 'महानकोश', पृ० ५०

प्रथम तीन श्लोक अन्यत्र भी आए हैं। यथा 'रामकली की वार' का ११वां श्लोक ही प्रथम दो श्लोकों के रूप में यहाँ संकलित हुआ है और 'मारू की वार' के १३वें श्लोक की प्रथम दो पंक्तियाँ यहाँ तीसरे श्लोक के रूप में लिखी गई हैं। अतः इस संदर्भ की श्लोक-संख्या ६७ के स्थान पर ६४ रह जाती है। दूसरे यह कि संत कबीर के श्लोकों के प्रकरण में २२०वाँ श्लोक गुरु अमरदास का है। तीसरे यह कि बाबा फरीद के श्लोकों के प्रसंग में तीन श्लोक गुरु अमरदास के संकलित हैं, यथा अंक १३, ५२, १०४। इन में से ५२ अंक वाला श्लोक एक भिन्न प्रसंग (रामकली की वार श्लोक १५) में भी उसी रूप में संकलित है, शेष दो श्लोक स्वतंत्र हैं। चौथे यह कि गुरु नानक देव के 'सलोक वारा ते वधीक' संदर्भ में २८वाँ श्लोक गुरु अमरदास का है। उक्त तथ्यों के प्रकाश में गुरु अमरदास की कुल श्लोक-संख्या ४११ है। इन में से १०५ श्लोक गुरु जी की स्वरचित चार वारों में संपादित हैं और शेष श्लोकों में से २३८ सिरी, माझ, गउड़ी, बिहागड़ा, वडहंस, सोरठ, बिलावल, सारंग और मलार रागों के अंतर्गत अन्य गुरुओं की वारों के साथ संकलित हैं। इसके अतिरिक्त दो श्लोक फ़रीद के श्लोकों के साथ, एक कबीर के श्लोकों के साथ, एक 'सलोक वारा ते वधीक' प्रसंग में गुरु नानक देव के श्लोकों के साथ संगृहीत हैं और शेष ६४ महला ३ (गुरु अमरदास) के शीर्षकाधीन संकलित हैं।

भाई काह्न सिंह ने 'स्तुति' को श्लोक का नाम दिया है,[1] किन्तु यह कथन गुरुवाणी के सभी पद्यों के लिए भी कहा जा सकता है। श्लोक वस्तुतः संस्कृत की अनुष्टुप जाति का एक विशेष छंद है जो विकास करता हुआ मध्ययुग में 'साखी' के रूप में पहुँचा जिस पर दोहा के लक्षण पर्याप्त मात्रा में घटित होते थे और सामान्यतः इन में दो पंक्तियाँ रहती थीं। परन्तु गुरु नानक देव ने एक से २६ पंक्तियों के श्लोकों की रचना कर इसे एक नया रूप दिया जिस में पंक्तियों की कोई निश्चित संख्या नहीं हैं। वस्तुतः श्लोक में किसी एक विषय को लेकर गुरु जी अपना मत प्रकट करना आरंभ करते हैं और जब तक उस मत अथवा विचार की पूर्ण अभिव्यक्ति नहीं हो जाती, तब तक श्लोक की रचना-प्रक्रिया चलती रहती है, चाहे वह कितनी ही पंक्तियों में विस्तृत क्यों न हो जाए। गुरु अमरदास के श्लोकों में एक से लेकर ११ पंक्तियाँ मिलती हैं। अतः श्लोक कोई निश्चित छंद नहीं, अपितु काव्य-पंक्तियों का समूह हैं जिस में एक ही भाव का प्राधान्य रहता है। फलस्वरूप

1. 'महानकोश,' पृ० ८६

श्लोक में रूपक-पक्ष की अपेक्षा विचार-पक्ष की विशेष मान्यता रहती है। इन में सरसी, हाकल, दोहा, सार, उल्लाला, चौपाई, सुगीतिका, हंस आदि छंदों के कुछ लक्षण देखे जा सकते हैं। परन्तु इन में छंद-नैपुण्य के स्थान पर राग के बंधनों को अधिक महत्त्व प्रदान किया गया है। तुकांत के प्रति उपेक्षा की वृत्ति भी सक्रिय रही है। भाषा की दृष्टि से इन में पंजाबी-पन अधिक है। श्लोकों के गंभीर अध्ययन से प्रतीत होता है कि श्लोकों का विषय-क्षेत्र बहुत विशाल है। अधिकांश श्लोकों में गुरु जी की आध्यात्मिक भावनाओं और रहस्यानुभूति को अभिव्यक्ति मिली है। युग-चित्रण के अतिरिक्त कर्मकांड-प्रधान और पाखंड-पूर्ण साधना-प्रणालियों की भी बड़ी यत्र-तत्र आलोचना हुई है। गुरु जी ने अपने भक्ति-उद्‌गारों को भी बड़ी सफलता से इन में प्रकट किया है और यत्र-तत्र आध्यात्मिक कर्म करने और मानवता की सेवा करने के उपदेश भी मिल जाते हैं। ये श्लोक एक ही समय अथवा एक ही शृंखला में नहीं लिखे गए, अपितु गुरु जी के मन में यदा-कदा प्रस्फुटित होने वाले भावों अथवा जिज्ञासुओं के प्रश्नों के उत्तर रूप में प्रकट किए विचारों ने ही श्लोकों का जामा पहना है।

चौपदे : गुरु जी की वाणी में इस शीर्षकाधीन १७२ पद्यों का संकलन हुआ है। 'चौपदा' (चउपदा) किसी छंद-विशेष का नाम नहीं है, अपितु एक ऐसा छंद-विधान है जिस के अंतर्गत लगभग चार पदे संगृहीत हों। और 'पदा' अथवा 'पद' से यहाँ अभिप्राय पंक्ति अथवा पंक्ति-समूह है। प्रस्तुत प्रसंग में इन पदों की पंक्ति-संख्या दो से चार तक है। गुरु नानक देव ने सर्वप्रथम इस नए छंद-विधान का प्रचलन किया। इस से पूर्व पदों में केवल दो समतुकांत पंक्तियाँ हुआ करती थीं। ये पदे छंद-गत मात्राओं की गणना के बंधनों से मुक्त हैं और किसी छंद-विशेष के लक्षणों को स्वीकार नहीं करते। पदों की पंक्तियों (चरणों) को पंजाबी में 'तुक' कहा जाता है और प्रत्येक पदा की पंक्ति-संख्या के आधार पर इन्हें दोतुका, त्रितुका और चौतुका कहा जाता है। इसके अतिरिक्त जिस पद्य में जितने पदे होते हैं, उसी के आधार पर उसका नाम पड़ता है, यथा त्रिपदा, चौपदा, पंचपदा और छ: पदा, जिन की संख्या गुरु अमरदास की वाणी में क्रमश: २, १४७, १९ और ३ हैं। चूँकि इन में अधिकांश चौपदे हैं, इसलिए समूचे रूप में इन्हें 'चौपदा' (चउपदा) की कोटि में रखा गया है। उक्त पद्धति का अपवाद केवल वडहंस राग में देखा जा सकता है जहाँ एक पद्य में ९ पदे संगृहीत है और प्रत्येक पद्य में संकलित प्रथम पदों के पश्चात् सामान्यत: दो पंक्तियाँ 'रहाउ' (टेक) की भी रहती हैं। इनमें संपूर्ण पद्य का मूल-भाव अंकित रहता है। प्रत्येक पद्य

अपने आप में पूर्ण है और किसी धार्मिक अथवा दार्शनिक तथ्य अथवा अनुभूति को प्रस्तुत करता है। गुरु अमरदास की भक्ति और सेवा की भावना का इन पदों में बड़े मर्मस्पर्शी ढंग से चित्रांकन हुआ है। इन की भाषा बड़ी सरल और प्रेरणात्मक है।

अष्टपदियाँ : इस शीर्षकाधीन गुरु अमरदास की वाणी में ९१ पद्यों का संकलन हुआ है। 'चौपदा' के समान 'अष्टपदी' भी छंद का कोई भेद-प्रभेद नहीं है। सामान्यतः उस छंद-विधान को, जिसमें आठ पदे/पदियाँ इकट्ठी संकलित हों, 'अष्टपदी' कहा जाता है। प्रत्येक पद्य में प्रथम पदा/पदी के पश्चात् साधारणतया दो पंक्तियाँ 'रहाउ' (टेक) की रहती हैं, जिन में समूचे पद्य का केन्द्रीय भाव निहित रहता है। इस प्रकार के सभी पदों में आठ पदे/पदियाँ संकलित रहें, ऐसा बंधन नहीं है। यह संख्या न्यूनाधिक हो सकती है, परंतु इनको 'अष्टपदियाँ' शीर्षकाधीन इसलिए संकलित किया गया है क्योंकि इन में प्राधान्य अष्टपदियों का है। इस दृष्टि से गुरु अमरदास ने ७९ अष्ट-पदियों, १ नवपदी, ३ दशपदियां लिखी हैं। इनके अतिरिक्त सूही (एक ३४-पदी), रामकली (एक १२-पदी, दो २१-पदी, एक २७-पदी और एक ३०-पदी), भैरउ (एक १३-पदी) प्रभाती (एक ११-पदी) आदि रागों में कुछ अधिक पदियों वाले पद्य भी, जिन्हें 'बहुपदियाँ' की संज्ञा दी जा सकती हैं, इसी शीर्षकाधीन संकलित हैं। इन पदों/पदियों में तुकों (पंक्तियों) की संख्या एक से चार तक है और इस संख्या के आधार पर इन्हें इकतुकी, दोतुकी, त्रितुकी और चौतुकी कहा जाता है। यद्यपि इस प्रकार के पदों के लिए किसी निश्चित छंद का प्रयोग नहीं हुआ, तथापि यत्र-तत्र उपमान, सार, चौपाई आदि के लक्षणों का किंचित् प्रभाव देखा जा सकता है। इन में भी गुरु अमरदास ने अपनी आध्यात्मिक साधना की अनुभूति को अभिव्यक्ति प्रदान की है। इन की भाषा सरल, सारगर्भित और विनम्र है।

सोलहे : 'सोलहा' का अर्थ है 'षोडपदी'। गुरु अमरदास विरचित २४ सोलहे मारू राग में संकलित हैं। इन से पूर्व गुरु नानक देव ने भी इसी राग में २२ सोलहे लिखे हैं। जिस प्रकार चार और आठ पदों के समूह का नाम क्रमशः 'चउपदा' और 'अष्टपदी' है, उसी प्रकार सोलह पदों के समूह का नाम 'सोलहा' है। किंतु यह आवश्यक नहीं कि सभी सोलहों में १६ पदे ही हों, इनकी संख्या न्यूनाधिक हो सकती है। इनके छंदगत लक्षण कुछ-कुछ घनकला, चित्रकला आदि छंदों से मिलते जुलते हैं, परंतु इन छंद-लक्षणों का पूर्ण रूपेण पालन कहीं नहीं मिलता। इन सोलहों के प्रत्येक पद के प्रथम और द्वितीय विश्राम पर समानुप्रास है। इन दोनों चरणों का आकार लगभग समान रहता है, परन्तु

तीसरा चरण इन से लम्बा और लगभग इन दोनों के आकार जितना होता है और अंत में सामान्यत: काफ़िआ रद़ीफ़ की परम्परा में दीर्घ स्वर वाला शब्द रहता है। इस प्रकार प्रत्येक पद में तीन-तीन पंक्तियाँ होती हैं और तीसरी पंक्ति के मध्य में विश्राम होता है। इन में गुरु अमरदास ने अपनी आध्यात्मिक साधना और रहस्यानुभूति को अभिव्यक्ति प्रदान की है। भाषा की दृष्टि से ये सोलहे बड़े सुबोध और वस्तु-स्थिति के अनुरूप हैं।

छंत : गुरु अमरदास की बाणी में 'छंत' नामक २० पद्य उपलब्ध है। इन छंतों में सामान्यत: चार पदों का संकलन होता है किन्तु छंत के लिए पदों की संख्या निश्चित नहीं है, क्योंकि आसा राग में एक छंत में दस पदे संमिलित किए गए हैं। प्रत्येक पदा में छ:-छ: पंक्तियाँ रहती हैं। वडहंस राग में संकलित चार अलाहणियों का रचना-विधान भी छंतों के समान हुआ है। इन छंतों में यद्यपि किसी छंद विशेष के लक्षणों का पूरी तरह से पालन नहीं हुआ, तथापि कहीं-कहीं हरिगीतिका, ताटंक, पद्मावती, निशानी, उल्लाला आदि छंदों के कतिपय लक्षण देखने को मिल जाते हैं। अधिकांश छंतों में लोक-गीतों की परम्परा में कतिपय शब्दों अथवा पंक्तियों की पुनरावृत्ति भी हुई है। इस प्रकार की शैली में जीवात्मका रूपी नायिका के मन में व्याप्त संयोग-सुख की चाहना और रसिकता की तीव्रता का सही अनुभव कराया जा सका है।

'छंत' क्या है ? इस सम्बंध में अनेक विद्वानों ने अपने-अपने मत अभिव्यक्त किए हैं। भाई काह्न सिंह के मतानुसार पद्य-काव्य का नाम 'छंत' है।[1] डा० स०स० कोहली ने प्रभु-स्तवन सम्बंधी पवित्र काव्य को 'छंत' का अभिधान दिया है।[2] किन्तु गंभीरता से देखा जाए तो गुरु अमरदास की समस्त बाणी के लिए उक्त दोनों कथन प्रयुक्त किए जा सकते हैं और कतिपय पदों को विशेष रूप में छंत नाम दिए जाने की समस्या का सुचारु रूप में समाधान नहीं कर पाते। 'छंत' संस्कृत के छंदस्' शब्द का तद्भव रूप है और इससे अभिप्राय मात्रा, वर्ण, यति आदि के नियमों से युक्त वाक्य है।[3] लोक में इसका प्रयोग उन लोक गीतों के लिए होता है जो विवाह के अवसर पर दूल्हा अपनी सालियों को सुनाता है।[4] डा० बलबीर सिंह के मतानुसार गुरु साहिब ने लोक-जीवन का प्रिय काव्यभेद, उस में विलुप्त पती-पत्नी शृंगार और प्रेम-भावना सहित ग्रहण कर लिया, परन्तु उसके द्वारा शारीरिक सुख के गीत गाने की

1. 'गुर छंद दिवाकर', पृ० १८९
2. A Critical Study of Adi Granth, p. 80
3. 'बृहत् हिन्दी कोश', (संपा.) कालिका प्रसाद, पृ० ४६४
4. 'पंजाबी कोश' (भाषा विभाग), दूसरा भाग, पृ० ४३३

अपेक्षा, प्रभु-मिलन से सम्बद्ध सहज-आनन्द के गीत गाए हैं।[1] वस्तुतः आदि-ग्रंथीय 'छंत काव्य' के गंभीर अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि 'छंत' शीर्षक साधारणतः उन मांगलिक पद्यों को दिया जाता है, जिनमें जीवात्मा रूपी नायिका की विरहानुभूति, संयोग की अभिलाषा, प्रिय की प्रतीक्षा और कभी-कभी प्राप्त हुए संयोग-सुख की भावनाओं को अभिव्यक्त किया गया हो। गुरु अमरदास के छंतों में उक्त लगभग सभी गुण विद्यमान हैं। इन छंतों में भक्ति अनुप्राणित शृंगार रस अथवा उज्ज्वल रस की मार्मिक एवं मर्यादित अभिव्यक्ति हुई है और रहस्यानुभूति को बड़ी तीव्रता एवं गहनता से चित्रित किया गया है।

आध्यात्मिक विचारधारा

गुरु अमरदास की आध्यात्मिक विचारधारा का मूलाधार गुरु नानक देव की आध्यात्मिक विचारधारा है। गुरु नानक अपने युग के एक अनुभवी आस्तिक साधक थे जिन्होंने पंजाब में भक्ति-आंदोलन का प्रचलन कर आध्यात्मिकता के वास्तविक मार्ग से दूर हट चुके जिज्ञासुओं को पुनः सन्मार्ग पर लाने का भरसक प्रयास किया। उन्होंने ब्रह्म के प्रति अपनी भावना प्रकट करते हुए समस्त जगत् को परम-सत्ता का एक खेल मात्र माना है और इसी संदर्भ में अवतारवादी दृष्टिकोण का यत्र-तत्र खंडन किया है। पंजाब एवं भारत में गुरु नानक की आध्यात्मिक विचारधारा अध्यात्म जगत् में कोई अकस्मात घटना नहीं थी, उन से पूर्व भारत एवं सभी देशों में अनेक प्रकार की आध्यात्मिक विचारधाराएँ प्रचलित हो चुकी थी। भारत में मुसलमानों के आगमन से भारतीय एवं सामी संस्कृतियों और धार्मिक मान्यताओं के परस्पर मिलन के द्वारा एक दूसरे पर प्रभावों की क्रिया-प्रतिक्रिया हुई और इस प्रकार विचार-जगत् में सर्वप्रथम एक अद्भुत परन्तु गंभीर वातावरण उत्पन्न हो गया। ऐसे संक्रांति काल में ही गुरु नानक का अवतरण हुआ।

गुरु नानक देव अपने अतीत एवं वर्तमान के प्रति किसी प्रकार की घृणा का भाव मन में नहीं रखते थे। हाँ, इतना अवश्य है कि उन्हें वे पाखंड एवं बाह्याडंबर तथा निस्सार अनुष्ठान एवं रीतियाँ पसंद नहीं थीं जिन से मानव का वास्तविक विकास अवरुद्ध होता हो। उन्होंने सभी धर्मों के श्रेष्ठ, सृजनात्मक और मिथ्या-बंधन को नष्ट-भ्रष्ट करने वाले विचारों को आत्मसात् कर और उन से अपनी चिंतन-धारा एवं अनुभूति का सामंजस्य स्थापित कर जन-कल्याण

1. 'अमरकवि गुरु अमरदास', पृ० ११५

के लिए प्रस्तुत किया। वस्तुतः गुरु नानक द्वारा प्रस्तुत किए सिद्धांतों के पीछे उनकी समूची जीवनानुभूति, गंभीर चिंतन, गहन अध्ययन और विशाल दृष्टि-कोण अपनी भूमिका निभा रहे थे। इस विशाल समन्वयवादी प्रवृत्ति की शिला पर ही गुरु नानक की आध्यात्मिक विचारधारा के भवन का निर्माण हुआ। यही विचारधारा गुरु अमरदास को बपौती के रूप में प्राप्त हुई।

परमात्मा : गुरु अमरदास ने परमसत्ता को निर्गुण और सगुण दोनों रूपों में देखते हुए[1] उसे अकथनीय, अगोचर अलक्ष्य, अगम और निराकार विशेषणों से सम्बोधित किया है—

तू आपे ही आपि आपि है आपि कारणु कीआ।
तू आपे आपि निरंकारु है को अवरु न बीआ।[2]

यह विषवत् संसार उस प्रभु का रूप है और उसी के द्वारा हरि के स्वरूप का बोध हो रहा है। गुरु की कृपा के द्वारा ही इस रहस्य को समझा जा सकता है कि सर्वत्र एक ब्रह्म ही विद्यमान है—

एहु विसु संसारु तुम देखदे
एहु हरि का रूपु है हरि रूपु नदरी आइआ।
गुरपरसादी बुझिआ जा वेखा,
हरि इकु है हरि बिनु अवरु न कोई।[3]

इस सृष्टि के संचालन, पालन, रक्षण एवं लय की शक्ति केवल परमात्मा के पास है।[4] वही इसको पुनः उत्पन्न करता एवं नया जीवन प्रदान करता है।[5] उस सर्वज्ञ शक्ति को गुरु अमरदास ने राम, हरि, मुरारि, मधुसूदन, बनवारी, जगदीश, जगन्नाथ, गोसाई, गोविंद, जगजीवन, नारायण, बासुदेव, गोपाल, निरंजन, मोहन आदि अभिधान दिए हैं। लगभग ये सभी अभिधान गुरु नानक वाणी में भी उपलब्ध हैं। 'सच' अथवा 'सत्य नाम' को गुरु जी ने अधिक निष्ठा एवं तल्लीनता से अपनी वाणी में प्रयुक्त किया है। बहुदेववाद और अवतारवाद का भी गुरु जी ने खंडन किया है और जिज्ञासा प्रकट की है कि विष्णु अथवा कृष्ण के समय-समय अपने अवतरण-कार्य में ही व्यस्त रहने के

---

1. आदि ग्रंथ, पृ० १२८ (माझ म० ३)
2. वही, पृ० ५८५ (वडहंस म० ३)
3. वही, पृ० ९२२ (रामकली अनंदु म० ३)
4. वही, पृ० ९१२ (रामकली म० ३)
5. वही, पृ० १२५ (माझ म० ३)

कारण इस संसार का उद्धार भला कैसे संभव हो सकता है ?[1] ये देवता तो वास्तव में त्रिगुणात्मक भ्रम में ग्रस्त अपने मूल उद्देश्य को ही भुला बैठे हैं—

ब्रह्मा बिसनु महेसु त्रै मूरति त्रिगुणि भरमि भुलाई ।[2]

मनुष्य : मनुष्य को गुरु अमरदास की वाणी में अन्य जीवों की अपेक्षा बहुत अधिक महत्त्व एवं गौरव प्रदान किया गया है। यही सर्वश्रेष्ठ योनि है और परमात्मा की प्राप्ति अथवा अपने मूल स्वरूप में पुनः समाई इसी योनि में संभव हो सकती है, शेष योनियाँ केवल परारब्ध कर्मों का फल भोगने के लिए बनी हैं। मनुष्य शरीर को देवताओं के शरीर से भी अधिक उत्तम माना गया है। इसी में परमात्मा का प्रकाश संभव है। यह वस्तुतः आत्मा का वाहन है। इस शरीर की विशिष्टता एवं इस के अंदर विद्यमान वस्तुओं का गुरु जी ने रुचिपूर्ण विवरण दिया है, यथा—

काइआ अंदरि सभु किछु वसै खंड मंडल पाताला ।
काइआ अंदरि जगजीवन दाता वसै सभना करे प्रतिपाला ।
काइआ अंदरि रतन पदारथ भगति भरे भंडारा ।
इसु काइआ अंदरि नव खंड प्रिथमी हाट पटण बाजारा ।
इसु काइआ अंदरि नामु नउनिधि पाईऐ गुर कै सबदि बीचारा ।[3]

इस काया में आत्मा रूपी पक्षी का निवास है। जीव को मुक्ति तभी मिल सकती है जब वह नाम रूपी अमृत का सेवन करे। ऐसा करने से उस का गुरु-शब्द में स्थायी निवास हो जाएगा—

काइआ बिरखु पंखी विचि वासा ।
अंमृतु चुगहि गुर सबदि निवासा ।
उडहि न मूले न आवहि न जाही निज घरि वासा पाइआ ।[4]

यह शरीर नश्वर है, इसमें स्थित आत्मा ही स्थायी और अनश्वर है। यह शरीर वास्तव में माया का 'पुतला' एवं त्रिगुणात्मक है। परमात्मा की कृपा से ही यह शुद्ध और सफल हो सकता है, अन्यथा इस का अशुद्ध रहना स्वाभाविक है—

१) इहु सरीरु माइआ का पुतला विचि हउमै दुसटी पाई ।
आवणु जाणा जंमणु मरणा मन मुखि पति गवाई ।[5]

---

1. किसनु सदा अवतारी रूधा कितु लगि तरै संसारा । (आदि ग्रंथ, पृ० ५५९)
2. आदि ग्रन्थ, पृ० ९०९ (रामकली म० ३)
3. वही० पृ० ७५४ (सूही म० ३)
4. वही० पृ० १०६८ (मारू म० ३)
5. वही० पृ० ३१ (सिरी म० ३)

२) इसु देही अंदरि पंच चोर वसति कामु क्रोधु लोभु मोहु अहंकारी।
अंमृतु लूटहि मनमुख नहीं बूझहि कोई न सुणै पुकारा।[1]

३) तेरी नदरी सीझसि देहा।[2]

मन : इस शरीर में स्थित मन अत्यन्त शक्तिशाली तत्त्व हैं। गुरु नानक देव ने इसे वश में करने को जगत् वश में करने के समान माना है। मन के भी दो पहलू हैं—ज्योतिमय मन एवं अंधकारमय मन। वासनाओं के वशीभूत मन को अंधकारमय मन की संज्ञा दी जाएगी और परमात्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानने वाले मन को प्रकाशमय अथवा ज्योतिमय मन कहा जाएगा। मनुष्य के आध्यात्मिक विकास में मन का विशेष योगदान है। इसके ठीक रहने पर ही मनुष्य आध्यात्मिक ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। मन की स्थिति और महत्त्व को समझते हुए ही गुरु जी ने मन को संबोधन कर उसे उस की वास्तविकता से जानकार किया है और सही मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा दी है—

मन तू जोति सरूपु है आपणा मूलु पछाणु।
मन हरि जी तेरै नालि है गुरमती रंगु माणु।
मूलु पछाणहि ता सहु जाणहि मरण जीवण की सोझी होई।
गुरपरसादी एको जाणहि ता दूजा भाउ न होई।
मनि सांति आई वजी वधाई ता होआ परवाणु।
इउ कहै नानकु मन तू जोति सरूपु है अपणा मूलु पछाणु।[3]

यह शरीर नश्वर है, इसमें स्थित आत्मा ही स्थायी और अनश्वर है। यह शरीर वास्तव में माया का 'पुतला' एवं त्रिगुणात्मक है। परमात्मा की कृपा से ही यह शुद्ध और सफल हो सकता है, अन्यथा इस का अशुद्ध रहना स्वाभाविक है—

सृष्टि : गुरु अमरदास ने इस सृष्टि की सृजना भी परमात्मा के द्वारा मानी है।[4] इस संसार का मायावी प्रपंच भी उस प्रभु की इच्छा के अनुसार ही अस्तित्व ग्रहण करता है। सृष्टि-पूर्वावस्था का चित्रण करते हुए गुरु साहिब ने माना हैं कि तब आकाश, पाताल, तीन लोक आदि किसी

1. आदि ग्रंथ, पृ० ६०० (सोरठ म० ३)
2. वही, पृ० ११२ (माझ म० ३)
3. वही, पृ० ४४१ (आसा म० ३)
4. आपे करता स्रिसटि सिरजि जिनि गोई।
तिसु बिनु दूजा अवरु न कोई। (आदि ग्रंथ, पृ० २३२; गउड़ी म० ३)

की उत्पति नहीं हुई थी, उस समय मात्र निराकार ब्रह्म ही था—

तदहु आकासु न पातालु है ना त्रै लोई।
तदहु आपे आपि निरंकार है ना उपति होई।[1]

इस सृष्टि की रचना परमात्मा ने केवल एक खेल के रूप में की है। शब्द, नाम, हुक्म आदि के द्वारा इस की रचना-प्रक्रिया का आरम्भ हुआ है और इस सब की रचना कर इसका नियंत्रणाधिकार अपने पास ही रखा।[2] यह संसार पारमार्थिक दृष्टि से मिथ्या है, परन्तु व्यावहारिक दृष्टि से यह संसार सत्य है क्योंकि व्यवहार में इसके अस्तित्व से इन्कार नहीं किया जा सकता।

माया : इस संसार में प्राणियों को भ्रमित करने के लिए प्रभु ने स्वयं माया की रचना की है। इस माया के प्रपंच में फंस कर मनुष्य अपने वास्तविक मार्ग से हट जाता है और अपने आध्यात्मिक भविष्य को पूर्णत: नष्ट कर लेता है। इससे बचना ही श्रेयस्कर है—

माइआ मोहु मेरे प्रभि कीना आपे भरमि भुलाए।
मनमुखि करम करहि नही बूझहि विरथा जनमु गवाए।[3]

इस माया का प्रभाव उन्हीं व्यक्तियों पर पड़ता है जो परमात्मा अथवा गुरु को भुला कर वासनाओं के जाल में फंस जाते हैं। परन्तु भक्त-साधकों के प्रति वह दयाभाव से रह कर उनकी सेवा में संलग्न रहती है—

माइआ दासी भगता की कार कमावै।[4]

मुक्ति : जागतिक प्रपंच से बचना वास्तव में अपने शुद्ध रूप में विलीनता है। यही अवस्था मुक्ति की अवस्था है। इसको गुरु अमरदास ने 'जोती जोति मिलाई' का नाम दिया है। इस के लिए जिज्ञासु को कौन सा साधन अपनाना चाहिए, तत्सम्बंधी गुरु अरमदास वाणी में सविस्तार विचार हुआ है। स्मरण रहे कि गुरु जी ने साधना की किसी भी प्राचीन पद्धति का खंडन नहीं किया, खंडन केवल उन के रूढ़ रूप का है, उनके सहजीकृत रूप को ग्रहण करने में गुरु जी को कोई संकोच नहीं है। ज्ञान, कर्म, योग और भक्ति के भावीकृत रूप को ग्रहण करने के अतिरिक्त गुरु जी ने प्रेमाभक्ति को विशेष महत्त्व प्रदान किया है। कलियुग में भवसागर से तिरने का यही

---

1. आदि ग्रंथ, पृ० ५०९ (गूजरी म० ३)
2. प्रभि संसारु उपाइ कै वसि आपणै कीता। (आदि ग्रंथ, पृ० ५१० गूजरी म० ३)
3. आदि ग्रंथ, पृ० ६७, (सिरी राग म० ३)
4. वही, पृ० २३१ (गउड़ी म० ३)

मात्र उपाय है। इस सम्बंध में किंचित् अधिक विस्तार के साथ विचार करना अपेक्षित है।

साधना का स्वरूप

गुरु अमरदास का सम्पूर्ण जीवन सत्य-प्राप्ति की साधना में व्यतीत हुआ, अतः वे साधना के सभी मार्गों से भली भाँति परिचित थे। उनकी वाणी में ज्ञान अथवा आत्मज्ञान की स्थान-स्थान पर चर्चा हुई है। वास्तव में साधना के क्षेत्र में ज्ञान की अत्यधिक आवश्यकता है। दीपक के समान अपने आध्यात्मिक विषयों को प्रकाशित करने में यह बहुत सहायक सिद्ध होता है। भारतीय धर्म-साधना के इतिहास में इस का विशेष स्थान है। गुरु अमरदास कोरे अथवा वाचिक ज्ञान में किसी प्रकार का विश्वास नहीं रखते थे। उनके मतानुसार ऐसा ज्ञान भ्रांतियों का जनक है।[1] इससे किसी प्रकार की आत्मिक शांति की उपलब्धि नहीं हो पाती।[2] वास्तविक ज्ञान तो आत्मज्ञान है। अपने आप को पहचानना ही सच्चा ज्ञान अथवा विवेक है।[3] इससे मन निर्मल होता है और जीन्मुक्तावस्था की प्राप्ति होती है।[4] इस के अभाव में व्यक्ति व्यर्थ में भ्रम-पाश में फंसा रहता है। वास्तविक ज्ञान की प्राप्ति गुरु के द्वारा संभव है जिससे अज्ञान रूपी अंधकार का विनाश होता।[5] यह ज्ञान सहज भाव से की जाने वाली नाम-साधना पर आधारित है।[6] इस ज्ञान से वंचित व्यक्ति साधना के क्षेत्र में असफल रहते हैं, वे पति द्वारा परित्यक्त स्त्री के समान वास्तविक प्रेम को प्राप्त नहीं कर पाते और अज्ञान के कारण उन की तृप्ति नहीं हो पाती, जो प्रियतम के दर्शन मात्र से ही संभव है—

---

1. 'पड़ि पड़ि पंडित जोतकी थके भेखी भरमि भुलाइ।'
   –आदि ग्रंथ, पृ० ६८ (सिरी म० ३)
2. 'पड़ि पड़ि पंडित वादु वखाणहि बिनु बूझे सुखु न होई।'
   –'आदि ग्रन्थ, पृ० ५७० (वडहंस म० ३)
3. 'अंतरि बिबेकु सदा आपु बीचारे गुरसबदी गुण गावणिआ।'
   –आदि ग्रन्थ, पृ० १२८ (माझ म० ३)
4. 'आपु पछाणै मनु निरमुलु होइ।
   जीवन मुक्ति हरि पावै सोइ।' –आदि ग्रंथ, पृ० १६१ (गउड़ी म० ३)
5. 'गुर गिआनु प्रचंडु बलाइआ अगिआनु अंधेरा जाइ।'
   –आदि ग्रंथ, पृ० २९ (सिरी म० ३)
6. गिआनीआ का धनु नामु है सहजि करहि वापारु।'
   –आदि ग्रंथ, पृ० ६८ (सिरी म० ३)

गिआन विहूणी पिर मुतीआ पिरमु न पाइआ जाइ ।
अगिआन मती अंधेरु है बिनु पिर देखे भुख न जाइ ।[1]

स्पष्ट है कि गुरु अमरदास गुरु द्वारा प्राप्त होने वाले आत्मज्ञान अथवा सहज-ज्ञान में विश्वास रखते थे जिसकी साधनात्मक प्रक्रिया नाम-स्मरण है। ज्ञान-हीनता की अवस्था मनुष्य के लिए विनाशकारी है।

भारतीय साधना में कर्ममार्ग का भी विशेष स्थान एवं महत्त्व है। वस्तुत: कर्म करने की प्रवृत्ति मनुष्य के जन्म से ही प्रचलित हो गई थी। इसलिए यह अधिक प्राचीन साधना-मार्ग कहा जा सकता है। लगभग सभी धर्मों और देशों की सिद्धांत-प्रणालियों में कर्मवाद को स्थान प्राप्त हुआ है। व्यक्ति जैसा करता है, उसको वैसा ही फल मिलता है। कर्मफल को समाप्त नहीं किया जा सकता—

ए मन जैसा सेवहि तैसा होवहि तेहे करम कमाइ ।
आपि बीजि आपे ही खावणा कहणा किछु न जाइ ।[2]

गुरु अमरदास ने किए हुए कर्मों को 'किरत' कर्म कहा है जिन का फल अवश्य भोगना पड़ता है और जिनके प्रभाव को कोई भी मिटा नहीं सकता।[3] 'किरत', वस्तुत: संस्कृत के 'कृत', शब्द का तद्भव रूप है और गुरुवाणी में जीव के लिंग शरीर की इस शब्द के द्वारा अभिव्यक्ति हुई है, क्योंकि लिंग शरीर का सम्बंध कर्मफलों से है। इसकी उत्पत्ति जीव के कारण शरीर से होती है और स्थूल शरीर के माध्यम से कर्मफलों का भोग किया जाता है। ब्रह्म-ज्ञान की प्राप्ति तक लिंग-शरीर के रूप में पूर्व-जन्म के संस्कारों के बने रहने के कारण जीव उनके अनुरूप जन्म ग्रहण करता रहता है। आवागमन का चक्कर परमात्मा की कृपा के द्वारा अध्यात्म-कर्म करने पर ही समाप्त हो पाता है। अध्यात्म-कर्म भी दो प्रकार के होते हैं—कर्म-कांड प्रधान कर्म और निष्काम कर्म। कर्म-कांड से भाव साधना-सम्बंधी वे बाह्य क्रियाएँ हैं जो शनैः-शनैः धर्म के वास्तविक स्वरूप को पीछे हटा कर अपनी प्रधानता स्थापित कर लेती हैं। प्रेम-भावना से शून्य सभी कर्म व्यर्थ के यत्न है। इनका रूढ़ रूप ही कर्मकांड है, भले ही इनका सम्बंध किसी भी धर्म से क्यों न हो। इन्हें परिणामी कर्म भी कहा जा सकता है। गुरु अमरदास की वाणी में सर्वाधिक विरोध कर्म-कांड प्रधान कर्मों का हुआ है। मध्ययुग के

1. आदि ग्रंथ, पृ० ३८ (सिरी म० ३)
2. वही, पृ० ७५५ (सूही म० ३)
3. 'पइऐ किरति कमावणा कोइ न मेटणहार'।
-आदि ग्रंथ, पृ० ७५६ (सूही म० ३)

सभी संत देख चुके थे कि कर्मकांड ही मानवता को वास्तविक मार्ग से बहुत दूर ले जा रहे थे। इनकी स्थापना सभी धर्मों को निःसार बना चुकी थी और धार्मिक और सामाजिक जीवन में अमर्यादा और विशृंखलता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। अतः इन से मानवता को विमुख करने की भावना के स्वर ने संतों की वाणी में प्रमुख स्थान प्राप्त किया। गुरु नानक की वाणी में इन कर्मों की निःसारता का सविस्तार उल्लेख एवं खंडन हुआ है। गुरु अमरदास ने भी उन्हीं की सरणी पर कर्मकांड प्रधान कर्मों का खंडन किया है। कतिपय उदाहरण इस प्रकार हैं—

१) करम कांड बहु करहि अचार।
बिनु नावै धृगु धृगु अहंकार।[1]

२) अनेक तीरथ जे जतन करै, तां अंतर की हउमै कदे न जाइ।[2]

३) इकि अंनु न खाहि मूरख तिना किआ कीजई।[3]

वस्तुतः कर्मकांड अथवा बाह्याचारों की निःसारता का स्वर उपनिषदों में ही ध्वनित होने लग गया था। वैदिक देवता को प्रसन्न करने के लिए यज्ञादि कर्मों का विधान जब क्रमशः रूढ़ और भावना-हीन कर्मकांड का रूप धारण कर गया, तो इसकी प्रतिक्रिया भी होने लग गई। इसी कारण उपनिषदों में कर्मकांड की कठोर आलोचना की गई। वास्तव में गीता (३/१९) के अनुसार अनासक्त भाव से किए गए कर्म ही मनुष्य को सर्वोच्च अवस्था तक पहुँचा सकते हैं। इन्हीं अनासक्ति भाव वाले कर्मों को अध्यात्म-कर्म की संज्ञा दी जा सकती है। गुरु अमरदास ने अपनी वाणी के अनेक संदर्भों में अध्यात्म-कर्म करने पर बल दिया है। कामादिक वासनाओं को मारना, परमात्मा, गुरु और गुरु-शब्द में दृढ़ विश्वास रखना, सत्संगति में हरिनाम का स्मरण करना, परमात्मा के हुक्म एवं रज़ा को मानना, जाति भेद-भाव से ऊँचे उठ कर सभी के साथ समभाव से व्यवहार करना, आदि। इन अध्यात्म कर्मों की सीमा निश्चित नहीं की जा सकती।

गुरुवाणी में प्रचलित साधना-मार्गों में से अधिक आलोचना योग-मार्ग और उसके अंगोपांगों की हुई है। रामकली राग में संकलित वाणी का एकमात्र प्रतिपाद्य योगमत के वास्तविक स्वरूप का विश्लेषण और रूढ़ रूप का खंडन है। इसका कारण मध्ययुग में इस साधना-पद्धति के द्वारा अनुचित ढंगों को अपनाना

1. आदि ग्रन्थ, पृ० १६२ (गउड़ी म० ३)
2. वही, पृ० ४९१ (गूजरी म० ३)
3. वही, पृ० १२८५ (वार मलार म० ३)

था जिनके फलस्वरूप मानवता के विकास के स्थान पर विनाश अधिक हो रहा था। गुरु नानक की वाणी में योग और विशेषत: हठयोग और इस साधना-प्रणाली के सभी उपकरणों का खंडन हुआ है। गुरु अमरदास भी इस सम्बन्ध में गुरु नानक की भावना को ही आगे विकसित करते हैं, यथा—

१) जोगु न भगवी कपड़ी जोगु न मैले वेसि।
नानक घरि बैठिआ जोगु पाईऐ सतिगुर कै उपदेसि।[1]

२) सिधा के आसण जे सिखै इंद्री वसि करि कमाइ।
मन की मैलु न उतरै हउमै मैलु न जाइ।[2]

३) रिधि सिधि सभु मोहु है नामु न वसै मनि आइ।[3]

गुरु अमरदास ने योगियों को सम्बोधित कर उन्हें वास्तविक योग समझाने का प्रयास भी किया हैं। गुरु जी ने योग के उपकरणों को भावीकृत रूप में प्रस्तुत करते हुए परमात्मा के हुक्म का पालन करने का आदेश दिया है। निम्नांकित पद्य से गुरु जी का मन्तव्य स्पष्ट हो जाता है—

सरमै दीआ मुंद्रा कनी पाइ जोगी, किंथा करि तू दइआ।
आवणु जाणु बिभूति लाइ जोगी, ता तीनि भवण जिणि लइआ। १।
ऐसी किंगुरी वजाइ जोगी।
जितु किंगुरी अनहद वाजै हरि सिउ रहै लिव लाइ। १। रहाउ।
सतु संतोखु पतु करि झोली जोगी, अंमृत नामु भुगति पाई।
धिआन का करि डंडा जोगी, सिंङी सुरति वजाई। २।......
हुकमु बुझै सो जोगी कहीऐ, एकस सिउ चितु लाए।
सहसा तूटै निरमलु होवै, जोग जुगति इव पाए। ६।
हरि का नामु अउखधु है जोगी, जिस नो मंनि वसाए।
गुरमुखि होवै सोई बूझै, जोग जुगति सो पाए। १०।[4]

भक्ति-मार्ग : गुरु अमरदास ने सभी साधना मार्गों में से भक्ति मार्ग को विशेष महत्त्व दिया है। उनकी वाणी में भक्ति और उस के उपकरणों का स्वरूप-चित्रण ही प्रमुख प्रतिपाद्य रहा है। गुरु जी का अपना जीवन एक भक्त-साधक का था। उन्होंने भक्ति के बल पर ही आध्यात्मिका के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। भक्ति वस्तुत: मध्ययुग की परिस्थितियों के

---

1. आदि ग्रंथ, पृ० १४२०-२१ (सलोक वारा ते वधीक)
2. वही, पृ० ५५८ (वडहंस म० ३)
3. वही, पृ० ५९३ (वडहंस वार म० ३)
4. वही, पृ० ९०८-९ (रामकली म० ३)

अनुरूप साधना-मार्ग था। इन में परमात्मा को शीघ्रातिशीघ्र द्रवित कर सकने की समर्थकता है। इस में ऊँच-नीच सब के लिए समान फल की प्राप्ति संभव है। गृहस्थियों के लिए भी यह अनुकूल पद्धति थी। परन्तु गुरु अमरदास ने भक्ति-मार्ग के परम्परागत अथवा वैधी रूप को स्वीकार नहीं किया, अपितु यत्र-तत्र ऐसी भक्ति को अनुचित सिद्ध करते हुए इस को हरि-प्राप्ति का सही पथ मानने से इन्कार किया है, यथा—

नचि नचि टपहि बहुतु दुख पावहि।
नचिऐ टपिऐ भगति न होइ।[1]

वस्तुतः गुरु अमरदास ने निराकार की प्रेम-भाव से की जाने वाली निष्काम भक्ति को सर्वोत्तम समझा है, क्योंकि इस में किसी प्रकार की औपचारिकता का अभाव रहता है। ऊँच-नीच की भावना के अभाव के कारण इसमें समाजिक समन्वय की भावना कहीं अधिक होती है और इसको अपनाने से समाज मानवतावाद के समस्त तत्वों को अंतर्हित करता हुआ आध्यात्मिक कल्याण के मार्ग पर बड़ी दृढ़ता, साहस एवं विश्वास से सरलतया बढ़ पाता है। इसके अतिरिक्त परमात्मा को शीघ्रातिशीघ्र द्रवित करने की जो शक्ति भक्ति में है, वह अन्य किसी साधना-मार्ग में कल्पना भी नहीं की जा सकती। युगीन परिस्थितियाँ भी एतादृश साधन के विकास में अनुकूल थीं। इसी लिए ऐसी भक्ति को प्रयत्न-साध्य न मान कर सहज भक्ति[2] नाम दिया गया है। प्रेम इस भक्ति का आधार तत्व है। इस सम्बंध में गुरु अमरदास की स्पष्ट स्थापना है—

१) बिनु प्रीती भगति न होवई,
बिनु सबदै थाइ न पाइ।[3]
२) भाइ भगति तेरै मनि भाए।[4]
३) गोबिद प्रीति सिउ इकु सहजु उपजिआ,
वेखु जैसी भगति बनी।[5]

इस भक्ति के लिए गुरु साहिब ने भय को विशेष महत्त्व दिया। इसके बिना

1. आदि ग्रन्थ, पृ० १५९ (गउड़ी म० ३)
2. 'गुर की बाणी अनदिनु गावै सहजे भगति करावणिआ।'
—आदि ग्रंथ, पृ० ११० (माझ म० ३)
3. आदि ग्रंथ, पृ० ६७ (सिरी म० ३)
4. वही, पृ० १११ (माझ म० ३)
5. वही, पृ० ४९० (गूजरी म० ३)

यह भक्ति सम्पन्न हो ही नहीं पाती । गुरु नानक देव ने तो मात्र उन्हीं के मन में प्रेम का अस्तित्व स्वीकार किया है, जिनके मन में परमात्म-भय हो ।[1] गुरु अमरदास के मतानुसार भय-युक्त भाव-भक्ति करते हुए दिन-रात प्रभु को सदैव अपने सम्मुख विद्यमान मानना चाहिए—

भै भाइ भगति करहि दिनु राती, हरि जीउ वेखै सदा हदूरि ।[2]
अन दिनु सदा रहै भै अंदरि, भै मारि भरमु चुकावणिआ ।[3]

इस भक्ति के लिए पाखंड, अहंकार तथा इस प्रकार की अन्य दुष्वृत्तियों के त्याग पर भी गुरु साहिब ने बहुत बल दिया है, क्योंकि ये दोनों इस भक्ति के उचित विकास में विभिन्न प्रकार की बाधाएँ प्रस्तुत करने में समर्थ हैं, यथा—

१) पाखंडि भगति न होवई दुबिधा बोलु खुआरु ।[4]
२) अनदिनु भगति करहि दिनु राति, हउमै मोहु चुकाइआ ।[5]

भक्ति के द्वारा ही मुक्ति संभव है[6] और इसके बिना जगत् में आना व्यर्थ है ।[7] यह भक्ति परमात्मा के प्रति ही नहीं, इष्ट-गुरु के प्रति भी हो, क्योंकि गुरु-भक्ति परमात्म-भक्ति की आधार-शिला है । इसी के द्वारा परमात्मा को सहज भाव से मन में बसाया जा सकता है—

हरि सचा गुर भगति पाइऐ, सहजे मंनि वसावणिआ ।[8]

इस भक्ति में नवधा-भक्ति के कतिपय भेदों के भावीकृत रूपों के दर्शन भी हो जाते हैं, यथा श्रवण, कीर्तन, स्मरण, दास्य, आत्मसमर्पण । इन भेदों का भावीकरण गुरु नानक वाणी में भी हुआ मिलता है । वस्तुतः सिख गुरु मध्ययुग के अन्य निर्गुणियों के समान सारग्राही महात्मा थे, उनको मानव कल्याण और आध्यात्मिक सुधार के लिए जहाँ से भी जो अच्छा मिला, उसे निस्संकोच भाव से ग्रहण कर लिया । परन्तु गुरुओं की विशिष्टता 'हुकम रजाई चलना' के सिद्धांत में देखी जा सकती है ।

---

1. आदि ग्रंथ, पृ० ४६५ (आसा वार म० १)
2. वही, पृ० ३४ (सिरी म० ३)
3. वही, पृ० ११४ (माझ म० ३)
4. वही, पृ० २८ (सिरी म० ३)
5. वही, पृ० ६५ (सिरी म० ३)
6. 'हरि भगती राते मोख दुआरु ।' -आदि ग्रंथ, पृ० ४२३ (आसा म० ३)
7. 'भाई रे भगति हीणु काहे जगि आइआ ।' वही, पृ० ३२ (सिरी म० ३)
8. आदि ग्रंथ, पृ० ११६ (माझ म० ३)

हुकम/रज़ा की पालना : सिख-साधना मार्ग में 'हुक्म रज़ाई चलना' भाव की अभिव्यक्ति सर्वप्रथम गुरु नानक देव की सुप्रसिद्ध रचना 'जपु' में हुई है ('हुक्म रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि)।' वस्तुतः इस मार्ग पर चलने से ही प्रभु के द्वार पर स्वीकृति प्राप्त होती है ('हुक्म रजाई जो चलै सो पवै खजाने)'। इस सिद्धांत की वास्तविकता को समझने के लिए इन शब्दों के अर्थों और तात्त्विक रूप में इन से साम्य रखने वाले 'भाणा' शब्द को समझ लेना परमापेक्षित है।

अरबी भाषा के 'हुक्म' शब्द का अर्थ है 'फ़रमान'। कुरानिक साहित्य में इसका प्रयोग शाही अथवा इलाही आदेश के लिए हुआ है। मध्ययुग के साधकों में गुरु नानक देव ने इसका सर्वप्रथम प्रयोग किया और आस्था तथा भक्ति भावना की अमृतधारा से सींच कर इस को एक सर्वथा नवीन और मौलिक अर्थ प्रदान किया। इस प्रकार यह शब्द-प्रयोग नई भाव-भूमि पर हुआ। फलतः गुरुवाणी में रुचि रखने वाले विभिन्न विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या की। किसी ने सृष्टि-विधान (यूनिवर्सल आर्डर) कहा, तो किसी ने ईश्वरीय इच्छा (डिवाइन विल) का सूचक बताया। इसी प्रकार परमात्मा का समूचा विधान (ओवर आल आर्डर आफ़ दा लार्ड), ईश्वरीय नियम-समूह (ए सेट आफ दा लॉ आफ गॉड), निर्देशक सिद्धांत और नैयंत्रिक नियम गाइडिंग प्रिंसिपल एंड कंट्रोलिंग लॉ आफ यूनिवर्स), ईश्वरीय शक्ति, आदि अर्थ किए गए। वास्तव में 'हुक्म' 'हुक्मी का प्रतीक है। दोनों की विशिष्टताएँ एक समान हैं। 'जपु' के अनुसार 'हुक्म' अनिर्वचनीय है-'हुक्म न कहिआ जाइ'। इस के सामने सभी मनुष्यों को आत्म-समर्पण करना चाहिए और जो ऐसा करता है, वह सदाचारी (सचिआर) की अवस्था को प्राप्त होता है।

'हुक्म' शब्द के साथ 'रज़ा' शब्द का प्रयोग भी हुआ है। यह भी अरबी का शब्द है और इस का अर्थ है—प्रसन्नता, रज़ामन्दी। सूफ़ियों की शब्दावली में ईश्वरीय उदारता सहित जो वारिद हो अथवा परमात्मा की ओर से प्राप्त हो, उस पर राज़ी होना, उस में प्रसन्न रहना 'रज़ा' है। 'कशफुल मजजूब' में सूफ़ी साधक के दो विशेष गुण बतलाए गए हैं—रज़ा और सबर। वहाँ रज़ा को तपस्या से उत्तम सिद्ध किया गया है क्योंकि तपस्या सकाम होती है परन्तु रज़ा के मानने से सभी इच्छाएँ स्वयमेव पूर्ण हो जाती हैं। अनेक सूफ़ी ग्रंथों में इसकी महत्त्व-स्थापना हुई है। गुरु नानक देव ने भी इस शब्द की भाव-गंभीरता से प्रेरित एवं प्रभावित हो कर गुरुवाणी में इस का सर्वप्रथम प्रयोग किया। स्मरण रहे कि गुरुवाणी में 'रज़ा' के साथ-साथ 'भाणा' शब्द

का प्रयोग भी हुआ है। 'भाणा' का अर्थ भी ईश्वरीय हुक्म, परमात्मा की इच्छा अथवा मरज़ी किया जाता है। संभवत: संस्कृत के 'भावना' शब्द से व्युत्पन्न इस शब्द का प्रयोग भी हुक्म, रज़ा के अर्थों में होता है। सिख धर्म-ग्रन्थों और गुरुबाणी के व्याख्यात्मक साहित्य में रज़ा और भाणा को समानार्थक लिखा गया है।

वास्तव में हुक्म, रज़ा और भाणा इन तीनों शब्दों का सम्बंध परम-सत्ता से है। इन तीनों में तात्त्विक रूप में कोई अंतर नहीं हैं। हुक्म के पीछे ईश्वरीय इच्छा विद्यमान है, इच्छा के न होने से हुक्म का उपादान कारण ही नहीं रहता। यदि इन तीनों में कोई अंतर है तो केवल प्रकिया का। रज़ा अथवा भाणा परमसत्ता की सहज-वृत्ति है। जब तक यह वृत्ति अपनी सहजावस्था को त्याग कर अथवा उसकी सीमा का उल्लंघन कर क्रियात्मक रूप धारण करती है, तो 'हुक्म' बन जाती है। फलस्वरूप रज़ा अथवा भाणा का दार्शनिक शैली में हुक्म के साथ कारण-कार्य सम्बंध है। जैसे जल (कारण) और जल-तरंग (कार्य) में कोई तात्त्विक अंतर नहीं, वैसे रज़ा अथवा भाणा (कारण) और हुक्म (कार्य) में भी कोई अंतर नहीं। परन्तु जिस प्रकार जल और जल-तरंग में व्यावहारिक रूप में अंतर है, उसी प्रकार हुक्म और रज़ा अथवा भाणा में व्यावहारिक अंतर अवश्य है। अत: हुक्म ईश्वरीय भाणा अथवा रज़ा को क्रियात्मक रूप प्रदान करने वाला अनुशासनिक विधान है। सारांश रूप में कहा जा सकता है कि हुक्म, भाणा और रज़ा के अनुरूप जीवन-यापन करने का विशेष महत्त्व है। इस से भय के भाव का विकास होता है, अहंकार की भावना का विनाश होता है, साधक के व्यक्तित्व में दैन्य, नम्रता आदि वृत्तियों का संचार होता है और वह परमात्मा की शरण में जाकर पूर्ण-रूपेण आत्म-समर्पण कर देता है।[1]

यद्यपि इन तीनों शब्दों का प्रयोग गुरु नानक वाणी में मिल जाता है, तथापि इन पारिभाषिक शब्दों का जितना विस्तृत और निष्ठापूर्वक प्रयोग परवर्ती गुरुओं की वाणियों में हुआ है, उतना अन्यत्र नहीं। गुरु अमरदास ने हुक्म के द्वारा इस संसार का समस्त कार्य-व्यापार संचालित माना है। यह हुक्म न टाला जा सकता है और न मिटाया जा सकता है—

१) हुकमे करम कमावणे पइऐ किरति फिराउ।
हुकमे दरसनु देखणा जह भेजहि तह जाउ।

1. गुरशरण कौर जग्गी, डा० 'गुरु नानक वाणी दा सिद्धांतिक विश्लेषण', पृ० २५७

हुकमे हरि हरि मन वसै हुकमे सचि समाउ ।[1]

२) सो किछु करै जु चिति न होई ।
तिसदा हुक्मु मेटि न सकै कोई ।
हुक्मे वरतै अंमृत वाणी,
हुक्मे अंमृतु पीआवणिआ ।[2]

गुरु अमरदास ने 'हुकम' शब्द के समान 'भाणा' शब्द का भी खुल कर प्रयोग किया है । जिस प्रकार ईश्वरीय हुक्म के बिना इस संसार की गतिविधि चल नहीं पाती, उसी प्रकार ईश्वरीय 'भाणा' के बिना संसार का कोई कार्य, व्यवस्था आदि सम्पन्न नहीं हो पाती—

१) हरि के भाणै सतिगुरु मिलै सचु सोझी होई ।
गुर परसादी मनि वसै हरि बूझै सोई ।[3]

२) जो तुधु करणा सो करि पाइआ ।
भाणै विचि को बिरला आइआ ।
भाणा मंने सो सुखु पाए,
भाणै विचि सुखु पाइदा । १ ।

गुरमुखि तेरा भाणा भावै ।
सहजे ही सुखु सचु कमावै ।
भाणे नो लोचै बहुतेरी,
आपणा भाणा आपि मनाइदा । २ ।

तेरा भाणा मंने सु मिले तुधु आए ।
जिस भाणा भावै सो तुझहि समाए ।
भाणे विचि वडी वडिआई,
भाणा किसहि कराइदा । ३ ।[4]

इसी सरणी पर गुरु अमरदास ने 'रज़ा' शब्द का प्रयोग भी किया है । उन्होंने तो नामाराधना भी उसी व्यक्ति के द्वारा संभव मानी है, जिस पर ईश्वर अपनी इच्छा से कृपा-दृष्टि करता है—

हरि हरि नामु धिआइऐ जिस नउ किरपा करे रजाइ ।[5]

1. आदि ग्रन्थ, पृ० ६६ (सिरी म० ३)
2. वही, पृ० ११८ (माझ म० ३)
3. वही, पृ० ३६५ (आसा म० ३)
4. वही, पृ० १०६३ (मारू म० ३)
5. वही, पृ० २८ (सिरी म० ३)

नाम–साधना और सत्संगति : गुरु अमरदास ने नाम-साधना और सत्संगति पर भी बहुत बल दिया है । इस में सन्देह नहीं कि मध्ययुग के साधकों की वाणियों में भक्ति के इन दोनों पक्षों का सविस्तार चित्रण हुआ है, परन्तु सिख-भक्ति-साधना में नाम और संगति का मेरु-दंड के समान महत्त्व है । वस्तुतः इन दोनों के बिना सिख-साधना की कल्पना तक नहीं की जा सकती । गुरु अमरदास की वाणी में यत्र-तत्र सर्वत्र इन सिद्धांतों का चित्रण हुआ है । वस्तुतः ब्रह्म-ज्ञान की प्राप्ति में किसी एक व्यक्ति का जितना ही सहयोग तथा पथ-प्रदर्शन क्यों न रहा हो, परन्तु दूसरे संतों के संसर्ग से प्रेरणा में निरन्तर दृढ़ता, साधना के स्वरूप में निखार और आत्म ज्ञान में लगातार विस्तार होता रहा है । यह कहना असंगत न होगा कि सत्संगति आध्यात्मिक क्षेत्र का एक ऐसा आरोग्य आश्रम (सेनिटोरियम) है जिस में पहुँच कर रुग्ण जिज्ञासु को आध्यात्मिकता का स्वास्थ्य-लाभ होता है । और इस आरोग्य आश्रम में उपचार निमित यदि किसी औषध का प्रयोग किया जाता है, तो वह एक-मात्र नाम-स्मरण है । इस प्रकार सत्संगति और नाम-स्मरण परस्पर व्यवस्था और कार्य के रूप में सम्बंधित है । यहाँ पर गुरु अमरदास की कतिपय पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं—

१) सति संगति महि नामु हरि उपजै
जा सतिगुरु मिलै सुभाए ।[1]

२) सची संगति बैसणा सचि नामि मनु धीर ।[2]

३) पूरे गुर ते सत संगति उपजै सहजे सचि सुभाइ ।[3]

४) जिनि किनै पाइआ साध संगति पूरे भागि बैरागि ।[4]

५) नामु अमोलकु रतनु है पूरे सतिगुर पासि ।[5]

६) जतु सतु संजमु नामु है विणु नावै निरमलु होइ ।
पूरै भागि नामु मनि वसै सबदि मिलावा होइ ।[6]

७) नानक नाउ बेड़ा नाउ तुलहड़ा भाई,
जितु लगि पारि जन पाइ ।[7]

1. आदि ग्रंथ, पृ० ६८ (सिरी म० ३)
2. वही, पृ० ६९ (सिरी म० ३)
3. वही, पृ० ४२७ (आसा म० ३)
4. वही, पृ० २९ (सिरी म० ३)
5. वही, पृ० ४० (सिरी म० ३)
6. वही, पृ० ३३ (सिरी म० ३)
7. वही, पृ० ६०३ (सोरठि म० ३)

गुरु/सदगुरु : भक्ति-साधना में गुरु अथवा सद्गुरु का भी विशेष महत्त्व स्वीकार किया गया है। वस्तुतः प्रत्येक कार्य में किसी शिक्षक, पथ-प्रदर्शक, गुरु, उपाध्याय आदि की आवश्यकता रहती है, परन्तु आध्यात्मिक क्षेत्र में गुरु का विशेष महत्त्व है। साधना-मार्ग में सुचारु रूप से आगे बढ़ पाने के लिए गुरु की सहायता की परमापेक्षा है। मध्य-युग के सभी साधकों ने गुरु के महत्त्व को स्वीकार किया है और इसके कार्य की भूरि-भुरि प्रशंसा की है। सिख-साधना में गुरु के महत्त्व को विशेष रूप में स्वीकृति प्रदान की गई है। यहाँ तक के इस साधन-पद्धति में दस गुरुओं की एक विशेष परम्परा भी रही है, और ब्रह्म-ज्योति एक से दूसरे गुरु में क्रमानुसार शरीरांतरित भी होती रही है। दशम गुरु ने इस परम्परा के शारीरिक विधान को समाप्त कर इस स्थान पर ग्रन्थ साहिब को गुरु-पद प्रदान किया और गुरु की सभी समर्थताओं को गुरु-शब्द में समाहित करते हुए शब्द-गुरु का स्थायी विधान किया। अतः गुरु अमरदास की वाणी में गुरु के महत्त्व, स्वरूप और सामर्थ्य का सविस्तार एवं भावनामयी शैली में चित्रण हुआ है। यह चित्रण सैद्धांतिक एवं संस्थागत दोनों रूपों में मिल जाता है। यहाँ कुछ संदर्भ यथेष्ठ होंगे—

१) सतिगुरु सहजै दा खेतु है जिसनो लाए भाउ।
नाउ बीजै नाउ उगवै नामे रहै समाइ।[1]

२) गुरु सरवरु मानसरोवरु है वडभागी पुरख लहंनि।
सेवक गुरमुखि खोजिआ से हंसुले नामु लहंनि।[2]

३) सतिगुर ते हरि पाईऐ साचा हरि सिउ रहै समाइ। १। रहाउ।
सतिगुर ते गिआन ऊपजै तां इह संसा जाइ।
सतिगुर ते हरि बूझीऐ गरभ जोनी नह पाइ।[3]

४) गुरि मिलिऐ हम कउ सरीर सुधि भई।
हउमै त्रिसना सभ अगनि बुझाई।
बिनसे क्रोध खिमा गहि लई।[4]

नारी-गौरव की स्थापना : सिख-साधना की एक विशेषता यह भी रही है कि उन्होंने मध्ययुग के अन्य साधकों के विपरीत नारी की निंदा में बिल्कुल रुचि नहीं दिखाई। उस समय सामान्यतः नारी को पुरुष की आध्यात्मिकता

---

1. आदि ग्रन्थ ९४७ (रामकली वार म० ३)
2. वही, पृ० ७५६-५७ (सूही म० ३)
3. वही, पृ० १२७६ (मलार म० ३)
4. वही, पृ० २३३ (गउड़ी म० ३)

में सब से अधिक विघ्नकारी माना जाता था। इस के लिए पापमयी, नरकमयी आदि विशेषणों का प्रयोग भी किया जाता था। सार्वभौमिक शाश्वत समानता के समर्थक संतों ने इस निंदा में नारी के केवल कामिनी रूप को देखा, इसके अर्द्धांगिनी रूप को देखने के लिए संभवत: प्रयास ही नहीं किया गया। इस संदर्भ में सिख धर्म के प्रवर्तक गुरु नानक की दृष्टि सर्वथा भिन्न रही। उन्होंने अकाट्य तर्कों के द्वारा सामाजिक जीवन में नारी के स्थान और महत्त्व का प्रतिष्ठापन करते हुए[1] कामिनी रूप में भी इसे हरि-भक्ति में लीन होने का उपदेश दिया है।[2]

गुरु अमरदास ने भी नारी की महत्त्व-स्थापना वाली प्रवृत्ति को आगे बढ़ाया और उसे उपदेश दिया कि सात्विक भावनाओं का शृंगार कर उसे अपने प्रियतम का ही संयोग-सुख प्राप्त करना चाहिए, इससे भिन्न भावना उसके गौरव को सही रूप में स्थापित नहीं कर पाएगी। इसके अतिरिक्त गुरु जी ने स्त्रियों के लिए पुरुष-समाज द्वारा प्रचलित की गई कठोर एवं अमानवीय प्रथाओं का विरोध किया और अपने अनुयायियों को ऐसी प्रथाओं विशेषत: सत्ती-प्रथा को त्यागने के लिए आदेश दिया। इस प्रकार की जन-चेतता सजग करने के पश्चात् ही अकबर को वैधानिक ढंग से सत्ती-प्रथा को रोकने के लिए आदेश जारी करना पड़ा। गुरु जी ने वास्तविक सत्ती स्त्री का स्वरूप चित्रित करते हुए चिता पर जलने की अपेक्षा विरह की चोट से मरने का सुझाव दिया और शील तथा संतोष की पालना द्वारा पति को स्मरण करने के लिए भी प्रेरित किया—

> सतीआ ऐहि न अखीअनि जो मड़िआ लगि जलंनि।
> नानक सतीआ जाणीअनि जि बिरहे चोट मरंनि। १।
> भी सो सतीआ जाणीअनि सील संतोखि रहंनि।
> सेवनि साई आपणा नित उठि संमालंनि। २।[3]

जाति-भेदभाव के समान नारी को पद-दलित समझने वाली अमानवीय प्रकृति को परवर्ती सिख-गुरुओं और सिख-सम्प्रदाय ने पूर्णरूपेण त्याग दिया और नारी का गौरव सभी क्षेत्रों में पुरुष के समकक्ष स्थापित किया।

जाति-भेद का अभाव : गुरु जी ने अपनी भक्ति-साधना में जाति-गत भेद-भाव को कोई स्थान नहीं दिया। 'पहले पंगत पाछै संगत' के प्रतिबंध द्वारा

---

1. आदि ग्रन्थ, पृ० ४७३ (आसा वार म० १)
2. वही, पृ० ११८७ (वसंत म० १)
3. वही, पृ० ७८७ (सूही वार म० ३)

उन्होंने जातिगत गौरव की भावनाओं का मर्दन कर अपनी साधना की नैतिक स्थिति स्पष्ट कर दी थी। वर्णधर्म का विरोध भले ही महात्मा बुद्ध के समय से शुरू हो गया था, परंतु इस की वास्तविक निःसारता का बोध एंव भयंकर स्वरूप के दर्शन मुसलमानों के भारत में प्रवेश करने के पश्चात् होते हैं। क्योंकि डा० हज़ारी प्रसाद द्विवेदी के मतानुसार तब प्रथम बार भारतीय समाज को एक ऐसी परिस्थिति का सामना करना पड़ गया जो उसकी जानी हुई नहीं थी। अब तक वर्णाश्रम व्यवस्था का कोई प्रतिद्वन्द्वी नहीं था, परन्तु अब इस्लाम जैसा सुसंगठित समाज सामने था जो प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक जाति को अपने अंदर समान आसन देने की प्रतिज्ञा कर चुका था।[1] फलस्वरूप पद-दलित और अछूत समझे जाने वाली जातियों के लोग अत्यधिक संख्या में मुसलमान बनने लगे। जाति-भेदभाव के इस भयानक परिणाम ने भारतीय विचारकों को झंझोड़ दिया। उदार संत साधकों ने वर्णव्यवस्था के दुष्परिणामों को खत्म करने के लिए भक्ति के क्षेत्र में इसे सर्वथा अनावश्यक घोषित कर दिया। उच्चवर्गीय साधकों की अपेक्षा निम्नश्रेणियों से सम्बंधित साधकों की वाणियों में जाति-भेदभाव के विरोध का स्वर अधिक गूँजा, और कहीं-कहीं तो इसका स्वरूप किंचित् कटु भी रहा। इस प्रकार के खंडन में संत कबीर अग्रणी थे। परन्तु सिख गुरुओं की विशेषता यह थी कि कुलीन होने के बावजूद भी उन्होंने जातिगत भेदभाव की प्रवृत्ति से मानवता को मुक्ति दिलवाने का सद्प्रयास किया। गुरु अमरदास ने ब्राह्मण को सम्बोधित करते हुए जाति के सम्बंध में गर्व न करने के लिए उपदेश दिया क्योंकि इस से अनेक प्रकार के विकारों का विकास होने की संभावना है। वस्तुतः सभी पाँच तत्त्वों के द्वारा निर्मित हैं, इनमें न्यूनाधिक होने की कोई बात नहीं है---

जाति का गरबु न करीअहु कोई।
ब्रहमु बिंदे सो ब्राह्मणु होई। १।
जाति का गरबु न करि मूरख गवारा।
इस गरब ते चलहि बहुतु विकारा। रहाउ।
चारे वरन आखै सभु कोई।
ब्रह्म बिंद ते सभ ओपति होई। २।
माटी एक सगल संसारा।
बहु बिधि भांडे घड़ै कुम्हारा। ३।

1. 'मध्यकालीन धर्म-साधना', पृ० ९९

पंच ततु मिलि देही का आकारा ।
घटि वधि को करै बीचारा । ४ ।

कहतु नानक इहु जीउ करमबंधु होई ।
बिनु सतिगुर भेटे मुकित न होई । ५ ।[1]

परमात्मा के द्वारा पर जातिगत भेदभाव का कोई अर्थ नहीं बैठता, वहाँ तो कर्मों के अनुसार निर्णय होगा ।[2] जातिगत अहंभाव को नष्ट करने के लिए एकमात्र उपाय शब्द को पहचानना है ।[3] नाम-विहीनता ही नीच जाति की स्थिति है । भक्ति में अनुरक्त व्यक्ति ही उत्तम हैं और उनकी जाति-पांति शब्द की आराधना पर अवलंबित है —

भगति रते से ऊतमा जति पति सबदे होइ ।
बिनु नावै सभ नीच जाति है बिसटा का कीड़ा होई ।[4]

सेवा की भावना : भक्ति में सेवा का अत्यधिक महत्त्व है । गुरु अमरदास स्वयं सेवा की प्रतिमूर्ति थे । उनका सारा जीवन सेवामय है । उनकी वाणी में भी सर्वत्र सेवा के महत्त्व की स्थापना हुई है । लोक-कल्याण के प्रत्येक पहलू में सेवा का महत्त्व माना गया है । ऐसी धारणा लगभग सार्व-लौकिक है और विश्व के किसी भी प्रमुख आचार-शास्त्र में इसे देखा जा सकता है ।[5] वस्तुत: यह बड़ी ऊँची साधना है । सेवा की भावना से मनुष्य का अहंभाव नष्ट होता है । अहंभाव अंधकार है और सेवा प्रकाश । अहंभाव में अपने-आप के लिए जीना है परन्तु सेवा में दूसरों के लिए जीना है । सेवा करने की रुचि प्रत्येक व्यक्ति के मन में उत्पन्न नहीं हो सकती । इसकी प्राप्ति के लिए बड़े ऊँचे आचरण की आवश्यकता है । इस में कोई संतोषी साधक ही सफल हो सकता है ।

गुरु अमरदास की वाणी में सेवा के दो रूप चित्रित किए गए है—प्रभु-

1. आदि ग्रन्थ, पृ० ११२८ (भैरउ म० ३)
2. 'आगै जाति रूपु न जाइ । तेहा होवै जेहे करम कमाइ ।'
 –आदि ग्रंथ, पृ० ३६३ (आसा म० ३)
3. 'ब्रह्म के बेते सबदु पछाणहि, हउमै जाति गवाई ।'
 –आदि ग्रंथ, पृ० ६७ (सिरी म० ३)
 'सबदि मरै ता जाति जाइ, जोती जोति मिलै भगवानु ।'
 –आदि ग्रन्थ, पृ० ४२९ (आसा म० ३)
4. आदि ग्रन्थ, पृ० ४२६ (आसा म० ३)
5. मनमोहन सहगल, डा० 'गुरु ग्रन्थ साहिब: एक सांस्कृतिक सर्वेक्षण', पृ० ३७३

सेवा और गुरु-सेवा। प्रभु की सेवा से मनोवांच्छित फल की प्राप्ति होती है और प्रभु से भिन्न किसी अन्य की सेवा व्यर्थ है—

हरि की तुम सेवा करहु दूजी सेवा करहु न कोइ जी।
हरि की सेवा ते मनहु चिदिआ फलु पाईऐ,
दूजी सेवा जनमु बिरथा जाइ जी।[1]

प्रभु के साथ-साथ गुरु की सेवा पर भी बल दिया गया है। गुरु वस्तुतः इस लोक में परमात्मा का साकार प्रतिनिधि है। अतः प्रभु-सेवा और गुरु-सेवा में किसी प्रकार का कोई तात्त्विक अंतर नहीं है, दोनों एक ही सत्ता के विभिन्न रूप है। गुरु की सेवा से सुख की प्राप्ति होती है और सत्संगति में बैठ कर हरिगुण गायन करने का अवसर मिलता है।[2] इस का स्वरूप स्पष्ट करते हुए आत्म-समर्पण पर बल दिया है—

हसती सिरि जिउ अंकसु है अहरणि जिउ सिरु देइ।
तनु मनु आगै राखि कै ऊभी सेव करेइ।
इउ गुरमुखि आपु निवारीऐ सभु राजु स्रिसटि का लेइ।[3]

जो व्यक्ति सेवा में लग जाते हैं वे केवल एक प्रभु का ही ध्यान रखते है[4] और यदि वे उसी की इच्छा के अनुसार आचरण करते हैं तो उनका स्वरूप उसी के समान हो जाता है जिस की वे सेवा करते हैं।[5] कहने से अभिप्राय वे अद्वैतावस्था को प्राप्त कर लेते हैं। यह सेवा देखा-देखी का कोई सामान्य कृत नहीं, इसमें सफल मनोरथ होने के लिए शुद्ध हृदय की अत्यधिक आवश्यकता है—

देखा देखी सभ करे मनमुखि बूझ न पाइ।
जित गुरमुखि हिरदा सुधु है सेव पई तिन थाइ।[6]

---

1. आदि ग्रन्थ, पृ० ४९० (गूजरी म० ३)
2. 'गुर की सेवा सदा सुखु पाए।
   संत संगति मिलि हरि गुण गाए।'
   –आदि ग्रंथ, पृ० ३६२ (आसा म० ३)
3. आदि ग्रन्थ, पृ० ६४७-४८ (सोरठि म० ३)
4. 'सेवा लागे से वडभागे जुगि जुगि एको जाता'।
   –आदि ग्रंथ, पृ० ५७१ (वडहंस म० ३)
5. 'जेहा सेवै तेहो होवै जे चलै तिसै रजाइ।
   –आदि ग्रंथ, पृ० ५४९ (बिहागड़ा म० ३)
6. आदि ग्रंथ, पृ० २८ (सिरी म० ३)

साहित्यिकता

गुरु अमरदास ने जिज्ञासुओं को आध्यात्मिक तथ्य और धार्मिक साधना के विभिन्न पक्षों को समझाने और अपनी ब्रह्म अनुभूति से परिचित कराने के लिए काव्य को साधन बनाया। इस से भिन्न उनका कोई अन्य उद्देश्य नहीं था। वे रहस्य-साधक थे और अपनी अनुभूति के प्रकाशन के लिए ही कविता को उन्होंने माध्यम बनाया था। गुरु जी का प्रतिपाद्य बड़ा गंभीर एवं सत्याधारित था, फलस्वरूप उनकी अभिव्यक्ति भी बड़ी यथार्थ, सरल और हृदय पर सीधा प्रभाव डालने वाली थी। उसमें कथन की शक्ति के साथ-साथ भावैक्य भी था। उस में जहाँ एक ओर तीव्र प्रवाहमानता थी तो दूसरी ओर आध्यात्मिक वातावरण की सूचारु सृष्टि कर पाने की भी अपूर्व क्षमता थी।

संगीत-बद्धता : गुरु जी की समस्त वाणी संगीत-बद्ध है। मध्ययुग के अधिकांश संत एवं भक्त साधकों ने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते समय संगीत को आधार बनाया था। गुरु अमरदास से पूर्व गुरु नानक ने भी अपनी बाणी को संगीत में स्वरबद्ध किया था। गुरु ग्रंथ साहिब की संपूर्ण वाणी राग-रागनियों के शीर्षक देकर संकलित की गई थी। गुरु अमरदास ने कुल १७ राग-रागनियों में अपनी वाणी का उच्चारण किया, यथा—सिरी, माझ, गउड़ी, आसा गूजरी, वडहंस, सोरठि, धनासरी, सूही, बिलाबल, रामकली, मारू, भैरउ, बसंत, सारंग, मलार, प्रभाती। इस के अतिरिक्त बिहागड़ा राग में गुरु जी ने ३२ श्लोकों की रचना की। गुरु जी को राग-रागनियों की भावनागत सूक्ष्मताओं का भी अधिकारी ज्ञान एवं अनुभव था। उन्होंने अपनी वाणी में यत्र-तत्र कतिपय रागों (सिरी, गउड़ी, गूजरी, वडहंस, धनासरी, सूही, बिलावल, रामकली, बसंत, मलार, केदारा) के सम्बंध में अपनी मान्यताएँ भी स्थापित की हैं, उदाहरणतः

१) **मलार**

गुरमुखि मलार रागु जो करहि इहु मनु तनु सीतलु होइ।
गुरसबदी एकु पछाणिआ एको सचा सोइ।[1]

२) **धनासरी**

धनासरी धनवंती जाणीऐ भाई जा सतिगुर की कार कमाइ।[2]

केदारा राग में यद्यपि गुरु जी ने अपनी वाणी की रचना नहीं की, तथापि उसके आध्यात्मिक कर्त्तव्य के सम्बंध में वे स्पष्ट हैं—

---

1. आदि ग्रन्थ, पृ० १२८५ (मलार वार म० ३)
2. वही, पृ० १४१९ (सलोक वारा ते वधीक म० ३)

केदारा रागा   च जाणीए भाई सबदे करे पिआरु ।
सत संगति सिउ मिलदो रहे सचे धरे पिआरु ।[1]

गुरु अमरदास ने रागों का प्रयोग अपनी संगीत-शास्त्रीयता के लिए नहीं किया अपितु परमात्मा के यश-गान अथवा कीर्तन करने के लिए इनको प्रयोग में लाया । स्वामी प्रज्ञानंदन के मतानुसार कीर्तन धार्मिक भक्ति से सम्बद्ध एक गीत है, जो शास्त्रीय ताल एंव लय में परमात्मा, नायक अथवा देव की स्तुति में गाया जाता है ।[2] वस्तुत: कीर्तन गीत नहीं, स्तुति-परक पदों का संगीत के संदर्भ में गायन है । अत: इस का स्वरूप प्रक्रियात्मक है, वस्तु-परक नहीं । गुरु अमरदास ने पदों की इसी संगीतिक प्रक्रिया पर सर्वत्र बल दिया है—

१) आवहु सिख सतिगुरु के पिआरिहो गावहु सची बाणी ।
बाणी त गावहु गुरु केरी बाणीआ सिरि बाणी ।[3]

२) अनदिनु कीरतनु सदा करहि गुर कै सबदि अपारा ।
सबदु गुरु का सद उचरहि जुगु जुगु वरतावणहारा ।[4]

शान्त-रस: आध्यात्मिक प्रतिपाद्य होने के कारण गुरु अमरदास की बाणी में शांत-रस का प्राधान्य है । गुरु जी वृद्धावस्था में गुरु-गद्दी पर आसीन हुए थे; इसलिए उनकी वाणी में वैराग्य का स्वर कुछ अधिक मुखर रहा । परन्तु ध्यान देने की बात यह है कि यह वैराग्य पाखंड-मात्र नहीं होना चाहिए । वैराग्य और वैरागी का स्वरूप-परिचय देते हुए गुरु जी ने कहा है—

मेरे मन बैरागीआ तूं बैरागु करि किसु दिखावहि ।
हरि सोहिला तिन्ह सद सदा जो हरिगुण गावहि ।
करि बैरागु तूं छोडि पाखंडु सो सहु सभु किछु जाणए ।
जलि थलि महीअलि एक सोई गुरमुखि हुकमु पछाणए ।
जिनि हुकमु पछाता हरि केरा सोई सरब सुख पावए ।
इव कहै नानकु सो बैरागी अनदिनु हरि लिव लावए । २ ।[5]

गुरु अमरदास के साधना-मार्ग में भक्ति का प्राधान्य होने के कारण उनकी वाणी में भक्ति-रस के भी दर्शन हो जाते हैं । संयोग-वियोग की भाव-

---

1. आदि ग्रंथ, पृ० १०८७ (मारू वार म० ३)
2. Prajnananda Swami, 'Historical Development of Indian Music', p. 259.
3. आदि ग्रंथ, पृ० ९२० (रामकली अनंदु म० ३)
4. वही पृ० ५९३ (वडहंस वार म० ३)
5. वही पृ० ४४० (आसा म० ३)

नाओं से सम्बंधित अनेक अवतरण प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उदाहरणार्थ—

१) मैं कामणि मेरा कंतु करतारु।
जेहा कराए तेहा करी सीगारु। १।
जां तिसु भावै तां करे भोगु।
तनु मनु साचे साहिब जोगु। १। रहाउ।[1]

२) मिलु मेरे प्रीतम जीउ तुधु बिनु खरी निमाणी।
मैं नैणी नीद न आवै जीउ भावै अंनु न पाणी।
पाणी अंनु न भावै मरीऐ हावै बिनु पिर किउ सुखु पाईऐ।
गुरु आगै करउ बिनती जे गुर भावै जिउ मिलै तिवै मिलाईऐ।
